वर्ष : 16 अंक : 207 मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
सोमवार 18 नवम्बर 2024

# मणिपुर में लगातार दूसरे दिन भी हिंसा

## ›› भीड़ ने चार और विधायकों के घर फूंके

नूना न्यूज एजेंसी।

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। उग्र भीड़ ने दूसरे दिन चार विधायकों के घर फूंक दिए। इनमें भाजपा के एक मंत्री समेत तीन विधायक हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर भी धावा बोलने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। रविवार सुबह, इंफाल घाटी के सभी पांच जिलों में स्थिति तनावपूर्ण रही। इन जिलों में कर्फ्यू जारी है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। पुलिस ने तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक .32 पिस्तौल, आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।



बताया जाता है कि महिलाओं और बच्चों की उग्रवादियों ने हत्या की है। सोमवार को सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में 10 कुकी उग्रवादी मारे गए थे। उग्रवादियों के हमले के बाद से बुजुर्ग महिला, उसकी दो बेटियां और तीन नाबालिग पोते-पोतियों का पता नहीं चल पा रहा था। अधिकारियों ने बताया, गुस्साई भीड़ ने रविवार को निंगथौखोंग में लोक निर्माण मंत्री गोविंददास कोंथौजम, लंगमेइदोंग बाजार में भाजपा विधायक वाई. राधेश्याम, थौबल जिले में भाजपा विधायक पोनम ब्रोजेन और इंफाल पूर्वी जिले में कांग्रेस विधायक टी. लोकेश्वर के घरों में आग लगा दी। इस दौरान भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। हमले के वक्त विधायक और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। इससे पहले शनिवार रात, प्रदर्शनकारी इंफाल पूर्व में बीरेन सिंह के पैतृक आवास की ओर भी बढ़े, लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें 100-200 मीटर पहले ही रोक दिया। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां चलाईं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमित शाह ने चुनावी रैलियां रद कर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का फैसला किया। गौरतलब है कि मणिपुर सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य के छह पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से आफस्पा उसे वापस लेने का अनुरोध किया है।

### ›› आइए जानें मणिपुर में फिर हिंसा क्यों भड़की है और अब तक क्या-क्या हुआ...

मणिपुर में राहत शिविर से लापता महिलाओं और बच्चों के शव मिलने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। भीड़ ने तीन मंत्रियों और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के दामाद समेत छह विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के अलावा दो चर्चों और तीन घरों को भी फूंक दिया था।

### चुनावी रैलियां रद कर दिल्ली लौटे अमित शाह

मणिपुर में हिंसा और तनाव के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में चुनावी रैलियों को रद कर दिल्ली वापस आ गए। शाह ने गृह मंत्रालय व सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मणिपुर के हालात की समीक्षा की और ताजा हिंसा को रोकने व तनाव करने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# मणिपुर हिंसा पर बड़ी बैठक, महाराष्ट्र में चुनावी रैली रद कर दिल्ली लौटे अमित शाह

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** मणिपुर में हिंसा और तनाव को देखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में अपनी चुनावी रैलियों को रद कर दिल्ली वापस आ गए। बाद में शाह ने गृह मंत्रालय व सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मणिपुर के हालात की समीक्षा की और ताजा हिंसा को रोकने व तनाव को करने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। उधर, मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर एनपीपी ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

**सोमवार को भी शाह करेंगे बैठक**



पिछले चार दिनों में केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर के विभिन्न क्षेत्रों में अफस्पा (आर्म्स फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट) लगाने के साथ ही सुरक्षा बलों के हिंसा रोकने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश जारी किया है। शाह सोमवार को भी मणिपुर को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। ध्यान देने की बात है कि आतंकियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या के बाद उत्तेजित भीड़ ने शनिवार की रात को मणिपुर के वरिष्ठ मंत्री समेत भाजपा के तीन व कांग्रेस के एक विधायक के घरों में आग लगा दी थी।

**सीएम के पैतृक घर पर हमले की कोशिश**

लोगों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के पैतृक घर पर हमला करने की कोशिश भी की, जिसे सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। इसके पहले दिन में भीड़ ने तीन मंत्रियों समेत छह विधायकों के घरों पर हमला किया था। मणिपुर के विभिन्न क्षेत्रों में लागू कर्फ्यू के बीच हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने केंद्र सरकार की चिंता बढ़ा दी है। स्थिति गंभीरता को देखते हुए अमित शाह ने चुनावी रैलियां रद कर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का फैसला किया।

**एनपीपी के कुल सात विधायक**

नेशनल पीपुल्स पार्टी ने रविवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया। पार्टी ने दावा किया कि एन बीरेन सिंह सरकार राज्य में संकट को हल करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रही है। मणिपुर विधानसभा में कुल 60 सीटें हैं। इनमें एनपीपी के सात विधायक हैं।

**जेपी नड्डा को लिखा पत्र**

एनपीपी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा और कहा कि पिछले कुछ दिनों में मणिपुर में स्थिति और खराब हुई है। कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। प्रदेश के लोग बेहद पीड़ा से गुजर रहे हैं। हमें लगता है कि बीरेन सिंह सरकार संकट को हल करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल है। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नेशनल पीपुल्स पार्टी ने मणिपुर में बीरेन सिंह सरकार से तत्काल प्रभाव से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है।

## ज्वलंत मुद्दा
### सम्पादकीय



## सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड? के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## ब्रीफ न्यूज

### सुखबीर का अकाली दल अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**चंडीगढ़,** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस्तीफा नए अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ करने के लिए दिया गया है। सुखबीर बादल ने अपने नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। यह कदम करीब तीन महीने बाद उठाया गया, जब सुखबीर को अकाल तख्त साहिब से धार्मिक सजा सुनाई गई थी।

### IIT रुड़की ने जोड़े नए पेपर कॉम्बिनेशन

**नई दिल्ली,** आईआईटी रुड़की ने गेट 2025 के लिए दो नए पेपर कॉम्बिनेशन जोड़ने की घोषणा की है। रजिस्टर्ड कैंडिडेट्स 14 से 20 नवंबर 2024 तक अपनी परीक्षा के पेपर में बदलाव कर सकते हैं। इस बार गेट 2025 परीक्षा 30 टेस्ट पेपरों के लिए होगी। कैंडिडेट्स आईआईटी रुड़की की वेबसाइट (iitr.ac.in) पर जाकर नए कॉम्बिनेशन की जानकारी ले सकते हैं। जो कैंडिडेट्स पहले से दो पेपर चुन चुके हैं, वे सिर्फ अपने दूसरे पेपर को बदल सकते हैं और इसके लिए पैनल्टी फीस व चार्जेस भी लागू होंगे। गेट 2025 की परीक्षा 1, 2, 15 और 16 फरवरी को होगी, और एडमिट कार्ड जनवरी में जारी किए जाएंगे।

### नायडू के छोटे भाई रामामूर्ति का निधन

**नई दिल्ली,** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के छोटे भाई रामामूर्ति नायडू का शनिवार को निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। तीन दिन पहले सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।

## पीएम मोदी 17 साल बाद नाइजीरिया दौरे पर रवाना




**अबुजा,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे नाइजीरिया के लिए रवाना हो गए। यह उनका नाइजीरिया का पहला दौरा है, जो राष्ट्रपति अहमद टिनूबू के न्योते पर हो रहा है। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का 17 सालों में पहला नाइजीरिया दौरा है। इससे पहले, 2007 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नाइजीरिया गए थे। मोदी रविवार को नाइजीरिया के राष्ट्रपति अहमद टिनूबू से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों देश के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

इसके बाद, मोदी राजधानी अबुजा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। भारत और नाइजीरिया की दूरी 7607 किमी है। नाइजीरिया में 150 से ज्यादा भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं, जिनका कुल कारोबार 2 लाख करोड़ से ज्यादा है। नाइजीरिया अफ्रीका के प्रमुख तेल - गैस उत्पादक देशों में एक है, और यह भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा, अफ्रीका में भारतीय निवेश खासकर ऊर्जा, खनन, फार्मास्यूटिकल्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बढ़ रहा है।

## झांसी अग्निकांड
## जांच के लिए हाई पावर कमेटी गठित

**झांसी, आरएनएन।** उत्तर प्रदेश सरकार ने झांसी जिले में मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में आग लगने की घटना की जांच के लिए हाई पावर कमेटी गठित की है। यह कमेटी डीजी चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में चार सदस्यों के साथ गठित की गई है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमेटी को सात दिनों में अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपनी है।

**7 दिन में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट**

शुक्रवार रात झांसी के महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वार्ड में आग लग गई, जिससे 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई और कई बच्चे घायल हो गए। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे के समय वार्ड में 52-54 बच्चे भर्ती थे।

## गलत तरीके से हटाई सिंधिया की प्रतिमा मुख्यमंत्री नाराज, 4 इंजीनियर निलंबित

### कटनी बायपास पर बगैर अनुमति स्व. माधव राव सिंधिया की प्रतिमा स्थानांतरण पर कार्रवाई

● भोपाल

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 कटनी बॉयपास मार्ग के काम को लेकर स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा को गैर अनुमति के स्थानांतरित करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। निर्माण एजेंसियों के चार इंजीनियर्स को निलंबित कर दिया गया है।



परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कटनी आनंद प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 कटनी-बायपास मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसमें चाका जंक्शन का विकास कार्य प्रस्तावित है। यहां पर स्व. माधव राव सिंधिया की मूर्ति पूर्व से स्थापित थी। विकास कार्य के लिए प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लिए प्रशासन द्वारा अनुमति प्राप्त कर नए चिन्हित स्थान पर स्थापित की जानी थी। निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा बगैर अनुमति के प्रतिमा स्थानांतरण की जानकारी प्राप्त होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सख्त कार्रवाई की गई है।

### वीडी ने भी जताई थी नाराजगी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी स्व. सिंधिया की प्रतिमा को स्थानांतरित करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि मर्ति का विस्थापन और सौंदर्यीकरण के साथ अच्छे से अच्छी जगह किया जाए। शर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरूष की प्रतिमा के साथ इस प्रकार की असंवेदनशीलता अस्वीकार्य हैं।

## छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

● जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 5 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों में 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। इनसे ऑटोमेटिक हथियार और शव भी बरामद किए गए हैं। कई नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है।

**2 जवान घायल, रायपुर एयरलिफ्ट, ऑटोमेटिक हथियार और शव बरामद**

इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। दोनों को रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, एक जवान की जांघ से गोली आर-पार हो गई है, जबकि दूसरे जवान के सिर पर चोट आई है। हालांकि, दोनों की हालत अब खतरे से बाहर है।

कांकेर एसपी आईके एलिसेला ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। बस्तर और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडो ने नक्सल संगठन के सेंट्रल कमेटी मेंबर अभय को घेरने के लिए बड़ी ऑपरेशन योजना बनाई थी।

**घायल जवानों के नाम**

1. खिलेश्वर गावड़े (हाथ और सिर पर चोट)
2. हीरामन यादव (दोनों पैर जख्मी)

## खुलासा — यूएफओ व्हिसलब्लोअर्स बोले- अमेरिकी सरकार छिपा रही है इससे जुड़ी जानकारी

# अमेरिका में एलियन बेस मिलने का दावा 100 से ज्यादा बार आ चुके हैं यूएफओ

● नई दिल्ली

अमेरिका में एलियन के ठिकाने का दावा किया गया है। यूएफओ व्हिसलब्लोअर्स से जुड़े डैनी शीहान नामक शख्स ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी सरकार एलियन गतिविधियों और यूएफओ से जुड़ी जानकारी को छिपा रही है। उनका कहना है कि एक खास स्थान पर एलियन बेस देखे गए हैं, और वहां अब तक 100 से अधिक बार यूएफओ को आते-जाते देखा गया है।



डैनी के अनुसार, यह बेस उस स्थान पर स्थित है, जहां यूएसएस निमित्ज को एलियन ठिकानों और यूएफओ की निगरानी के लिए तैनात किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यूएफओ अंतरिक्ष से नीचे आते हैं और फिर पानी के नीचे चले जाते हैं।डैनी शीहान, जो हाल में यूएफओ व्हिसलब्लोअर्स को अमेरिकी कांग्रेस में लाने में शामिल थे, ने दावा किया है कि दो स्थानों पर एलियन ठिकानों का पता चला है। उन्होंने एक वीडियो में इन ठिकानों की सटीक जानकारी दी है, और दावा किया है कि सैकड़ों यूएफओ इन स्थानों पर आते-जाते रहे हैं।

### समुद्र के नीचे एलियंस के ठिकाने

डैनी का कहना है कि एलियंस की कई प्रजातियां पृथ्वी पर मौजूद हैं, और वे पहाड़ी क्षेत्रों के अलावा समुद्र तल के नीचे भी रहते हैं। उनके अनुसार, कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के दक्षिण में स्थित ग्वाडालूप द्वीप (इस्ला ग्वाडालूप) पर एक एलियन ठिकाना है। यूएसएस निमित्ज को इस स्थान पर तैनात किया गया था, और वहां 100 से ज्यादा यूएफओ को देखा गया। डैनी का दावा है कि इन यूएफओ की निगरानी परमाणु पनडुब्बियों द्वारा की जा रही है।

### ग्वाडालूप द्वीप पर रहते हैं केवल 15 से 213 लोग

ग्वाडालूप द्वीप की जनसंख्या मात्र 15 से 213 लोगों की है और यह स्थान कई दुर्लभ प्रजातियों का घर भी है, जैसे ग्वाडालूप फर सील और टाउनसेंड का स्टॉर्म पेटल पक्षी। हालांकि, इस स्थान पर एलियंस की कोई पुष्टि नहीं हुई है। डैनी के दावे के अनुसार, यह ठिकाना समुद्र के नीचे गहरे स्थान पर स्थित है और वहां की गतिविधियों को गुप्त रखा जा रहा है।

## दर्दनाक सड़क हादसे में दूल्हा दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत

● बिजनौर



उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की जान चली गई। यह हादसा नेशनल हाईवे-74 पर रात करीब 2 बजे हुआ। परिवार झारखंड से शादी करके लौट रहा था और मुरादाबाद स्टेशन से ऑटो में बिजनौर के धामपुर जा रहे थे।

**झारखंड से शादी कर लौट रहे थे, कार की टक्कर से ऑटो खाई में गिरा**

सभी लोग झारखंड से ट्रेन से यात्रा कर रहे थे और मुरादाबाद स्टेशन पर उतरने के बाद ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सड़क किनारे खाई में गिर गया। हादसे के वक्त घना कोहरा था, जिसे लेकर एसपी अभिषेक ने कहा कि यह दुर्घटना कोहरे की वजह से हुई है। हादसे की जगह दूल्हे का घर महज 5 किलोमीटर दूर था।

## सार संक्षेप

### बच्चों के पोषण परंपराओं को चुनौती देने का प्रयास

नई दिल्ली : ग्रिट्जो, हैल्थकार्ट का बच्चों के लिए पोषण ब्रांड, ने बाल दिवस पर अपना नहीं चलेगा डिजिटल अभियान लॉन्च किया है। यह अभियान बच्चों के पोषण पेय में पारंपरिक तरीकों को चुनौती देते हुए उनके लिए पर्सनलाइज्ड सुपरमिल्क को बढ़ावा देता है। अभियान के तहत एक विज्ञापन फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक-आकार-सभी समाधान बच्चों की अनूठी जरूरतों पर खरे नहीं उतरते। ग्रिट्जो की पेशकश उम्र, लिंग और स्वास्थ्य लक्ष्यों के अनुसार तैयार विशेष पोषण पेय प्रदान करती है। एवीपी और ब्रांड हेड सुषांत कोटियन ने कहा कि ग्रिट्जो, 12 हजार करोड़ के भारतीय स्वास्थ्य खाद्य पेय बाजार में पारंपरिक प्रथाओं को बदलने का उद्देश्य रखता है।

### भारतीय पारंपरिक नृत्य का उत्सव बढ़ रहा अरंगेत्रम समारोह का महत्त्व

नई दिल्ली : ऋषा टंडन का अरंगेत्रम समारोह भारतीय पारंपरिक नृत्य कला का उत्सव था, जो भारत की समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा और संस्कृति को सहेजते हुए दो हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी धरोहर का प्रतीक है। इस भव्य समारोह में श्रेयसी गोपीनाथ, राज्यसभा सांसद डॉ. सोनल मानसिंह, और राकेश शर्मा जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डा. सोनल मानसिंह ने ऋषा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका अरंगेत्रम उनके समर्पण और कला के प्रति सच्चे प्रेम का प्रतीक है। ऋषा ने सात वर्ष की उम्र से श्रेयसी गोपीनाथ डांस अकादमी में भरतनाट्यम की शिक्षा ली और 9 साल के गहन अभ्यास से निपुणता हासिल की। उन्हें भारत सरकार की स्कॉलरशिप सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं।

### भगवान बिरसा मुंडाः आदिवासी समुदायों के आत्म-सम्मान और साहस की प्रतीक

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई जिले से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने चबुआ, असम में कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने 6,640 करोड़ रुपये की लागत वाली जनजातीय कल्याण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सोनोवाल ने आदिवासी लाभार्थियों को भूमि पट्टा और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। समारोह में आदिवासी समुदायों की जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गई। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के साहस, आत्म-सम्मान और ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष की विरासत को सम्मानित किया। सोनोवाल ने मोदी सरकार द्वारा आदिवासी कल्याण के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि धरती आबा आदिवासी गांव उत्कृष्टता अभियान के माध्यम से 30 राज्यों के 63,843 गांवों में 79,156 करोड़ रुपये की योजनाएं चलाई गई हैं।

### सौहार्द एवं भाईचारे की दिव्य झलक बिखेरता, निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ

नई दिल्लीं, नवम्बर : परमात्मा जानने योग्य है, इसे जानकर जब हम इसे अपने जीवन का आधार में बना लेते हैं तब सहज रूप में हमारे जीवन में मानवीय गुणों का विस्तार होता चला जाता है। उपरोक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा 77वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के प्रथम दिवस पर मानव हित में संबोधित किए गए। इस तीन-दिवसीय संत समागम में केवल भारतवर्ष से ही नहीं अपितु विश्वभर के अनेक स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सतगुरु माता जी ने विशाल सत्संग के रूप में एकत्रित सभी संतों को सम्बोधित करते फरमाया कि वास्तविक रूप में असीम की ओर-विस्तारह्य, यह एक अंदर से बाहर की दिव्य यात्रा है। अक्सर मनों में तनाव तथा दिल और दिमाग के तालमेल की बात आती है। वास्तव में मन और मस्तिष्क दोनों ही साथ है परन्तु कभी मन कुछ ओर चाहता है और मस्तिष्क कुछ और सोचता है। लेकिन जब हम इस परमात्मा संग जुड़ जाते हैं तब मन में स्थिरता आ जाती है और अपनत्व का भाव उत्पन्न हो जाता है फिर मन विशाल बन जाता है।

# राजधानी में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी : देवेन्द्र यादव

## देवेन्द्र यादव ने यात्रा के दौरान आप की रसोई में हाथ बटाया और सुंदर नगरी में युवक हत्या के बाद उसके परिवारजनों का सांत्वना दी

नई दिल्ली, नवम्बर : दूसरे चरण के 9वें दिन दिल्ली न्याय यात्रा की शुरूआत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नई उर्जा और उत्साह के साथ सुंदर नगरी प्रतिभा विद्यालय, चमन स्टेट, सीमापुरी विधानसभा में न्याय यौद्धाओं के साथ प्रतिदिन की भांति 25 किलोमीटर की यात्रा के लिए आगे बढ़े। दिल्ली न्याय यात्रा का समापन बाबरपुर विधानसभा में नाला रोड़, कबीर नगर पर हुआ। दिल्ली न्याय यात्रा में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित भी देवेन्द्र यादव के साथ यात्रा में चले। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं का भव्य स्वागत हुआ और भगवान वाल्मीकि की तस्वीर भी भेंट की। दिल्ली न्याय यात्रा का सुंदर नगरी एक्सिलेंस स्कूल चमन स्टेट से शुरू होकर कबूतर चौक, वाल्मीकि मंदिर, जामा मस्जिद, डीसी आफिस, गगन सिनेमा, नंद नगरी, नंद नगर अखाड़ा, तांगा स्टेंड, रेलवे फाटक अशोक नगर, रोहताश नगर, नाथू कॉलोनी चौक, दुर्गा माता मंदिर रोड़, शनि मंदिर रोड़, मानसरोवर पार्क, शाहदरा अंडरपास सर्विस रोड़, लाल बाग झुग्गी और दोपहर बाद पीली मिट्टी जनता कॉलोनी, बाबरपुर, वेस्ट गौरख पार्क, सी ब्लाक वेस्ट गौरख पार्क, शाहदरा, छज्जू पुर गेट रोड़, चाणक्य मार्ग, 100 फुटा रोड शाहदरा,



काशीराम दूध वाला, कबीर नगर, शनि बाजार रोड़ से होकर नाला रोड़ कबीर नगर पर यात्रा का समापन हुआ। आज यात्रा सीमापुरी, रोहतास नगर और बाबरपुर विधानसभा में निकाली गई। दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान देवेन्द्र यादव ने सुंदर नगरी में कल रात विवाद में एक युवक की बेरहमी से हत्या हुई। मृतक के परिवारजनों से मुलाकात कर श्री देवेन्द्र यादव ने उन्हें सांत्वना दी और कहा कि न्याय की लड़ाई में हम आपके साथ खड़े है और वादा करते इंसाफ दिलाने के लिए हम संभव कोशिश करेंगे। श्री यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की अनदेखी और निष्क्रियता के कारण राजधानी में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दिन दहाड़े गोली बारी, लूट, मर्डर, यौन उत्पीड़न, बलात्कार जैसी घटनाएं रोजमर्रा का हिस्सा बन चुकी है। कानून व्यवस्था कायम करने केन्द्र और दिल्ली सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यात्रा को हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है और न्याय यात्रा के दौरान सड़क किनारे अपनी अजीविका चलाने वाले हर जिम्मेदार नागरिक से मिलकर उनसे चर्चा कर रहे है कि वे किस तरह समस्याएं व परेशानियां वो पिछले 11 वर्षा से झेल रहे है। यात्रा के दौरान गगन सिनेमा के नजदीक आपकी रसोई चलाने वाली दीदी से मुलाकात की। महिला ने बताया कि बेतहाशा महंगाई के दौर में दिल्ली में घर और दुकान चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। कमाई लगातार घट रही है और महंगाई लगातार बढ़ने के कारण जीवन चलाना बहुत मुश्किल हो रहा है। श्री यादव ने रसोई चला रही महिला के साथ काम में हाथ बटाया और वादा किया कि आपके सहयोग से कांग्रेस वाली खुशहाल दिल्ली हम बनाएंगे और सड़क पर छोटा मोटा काम करने वाले हर व्यक्ति की जिंदगी में खुशहाली लाने के लिए विशेष नीति के तहत काम करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आधी आबादी को पूरा सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है और हमारे न्याय संकल्प पत्र में आधी आबादी को न्याय, अवसर और व्यवस्थित स्थान देने का जो वादा किया है, उसको हम पूरा करके दिखाएंगे। कांग्रेस ने देश को महिला प्रधानमंत्री और महिला राष्ट्रपति दी है, आधी आबादी का सम्मान और उचित स्थान देना कांग्रेस की नीति, विचारधारा और परम्परा रही है जिसके तहत सोनिया गांधी लम्बे समय तक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रही जबकि यूपीए की चेयरपरसन भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा में महिलाओं की लगातार बढ़ती भागीदारी सुनिश्चित करती है कि आधी आबादी भाजपा और आम आदमी पार्टी के 11 वर्षो के कुशासन से अत्यधिक प्रताड़ित है।

### भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में सोमवार को मनाया जाएगा राजस्थान दिवस

## राजस्थान के लोक कलाकारों द्वारा आयोजित होगी सॉंस्कृतिक संध्या

**नई दिल्ली।** 17 नवम्बर 2024 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 14 दिवसीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में कल सोमवार को राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोकनृत्यों और गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। यह सांस्कृतिक संध्या प्रगति मैदान के हॉल न. 5 के सामने स्थित एमफी थियेटर में सांय 6 बजे से आयोजित की जाएगी। लगभग 2 घंटे चलने वाली इस संध्या में जहां एक ओर जयपुर से आए लोक-कलाकारों द्वारा चरी नृत्य और भवई नृत्यों का प्रदर्शन किया जाएगा वहीं दूसरी ओर बाड़मेर और भरतपुर से आए कलाकारों द्वारा क्रमशः खड़ताल और भपंग का वादन किया जाएगा। इसी प्रकार पाली से आए लोककलाकारों द्वारा तेरहताल नृत्य और जोधपुर से आए कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्यों की प्रस्तुति दी जाएगी। घूमर नृत्य की प्रस्तुति दिल्ली के कलाकारों द्वारा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 14 नवम्बर से प्रारंभ हुए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में राजस्थान मंडप का शुभारंभ प्रदेश के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत द्वारा किया गया था।

## वैश्विक स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की टीम के साथ सर्वश्रेष्ठ सेवाओं की शुरुआत

नई दिल्ली, नवम्बर : भारत के लोकप्रिय ब्यूटी एवं वेलनेस ब्रांड बॉडीक्राफ्ट क्लीनिक एंड सलून ने गुरुग्राम के सेक्टर 49 में अपना आइकॉनिक फ्लैगशिप स्टोर खोला है। बॉडीक्राफ्ट को विश्वस्तरीय ट्रीटमेंट एवं अद्वितीय सर्विसेज के लिए जाना जाता है। सैक्टर 49 में इस स्टोर के उद्घाटन को लेकर बॉडीक्राफ्ट सलून की संस्थापक एवं निदेशक मंजुल गुप्ता ने कहा, गुरुग्राम के इस हिस्से में बड़े कॉरपोरेट्स के ऑफिस हैं। इनसे जुड़े लोग पर्सनल ग्रूमिंग एवं वेलनेस को प्राथमिकता देता है। हमें उम्मीद है कि इसमें से बड़ा वर्ग हमारा क्लाइंट बनेगा। भारत में शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और हमें उम्मीद है कि आगामी महीनों में हमारी ब्राइडल सर्विसेज को लेकर जबर्दस्त मांग निकलेगी। हमारे पास वैश्विक स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की टीम है, जो हमारे क्लाइंट्स को सर्वश्रेष्ठ सर्विस देने के लिए तैयार है।

# खरगे बोले- महाराष्ट्र में नई सरकार महाविकास अघाड़ी की बनने जा रही

## महायुति सरकार को धनबल और लोगों को डरा-धमकाकर बनाई चोरी की सरकार बताया

**›› दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के लोग सिर्फ अच्छी और मजबूत सरकार चाहते हैं, जो उनका भला करे**



**नई दिल्ली।** 17 नवंबर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र में नई सरकार महाविकास आघाड़ी की बनने जा रही है और यह लोगों के हित में है। महायुति को धनबल और लोगों को डरा-धमकाकर बनाई गई चोरी की सरकार बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल होने वाले सभी लोगों के साथ भाजपा गुलामों जैसा व्यवहार कर रही है, क्योंकि वे अपनी पोल खुलने को लेकर डरे हुए हैं। महाराष्ट्र के उमरेड में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को थोडा सबक सिखाया है। राज्य से कम लोकसभा सीटें जीतने के कारण भाजपा को बहुमत नहीं मिला। अब नरेंद्र मोदी की सरकार को खड़े होने के लिए भी बिहार के नीतीश कुमार और आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू की बैसाखियों की जरूरत है। अगर ये दोनों निकल गए, तो मोदी सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी ताकत दिखाने के बाद अब विधानसभा चुनाव में भी महाराष्ट्र की जनता को पूरी तरह से डट कर मुकाबला करना है और चोरों की सरकार को भगाना है। लोगों के भारी हुजूम के बीच खरगे ने भाजपा के विभाजनकारी नारे 'बटेंगे, तो कटेंगे' पर अपने तीखे हमले को जारी रखते हुए भाजपा पर शासन करने के लिए लोगों को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता 'बंटेंगे, तो कटेंगे' कहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा ही देश को बांटने में लगी है। देश के दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के लोग किसी को बांटना नहीं चाहते। वे सिर्फ एक अच्छी और मजबूत सरकार चाहते हैं, जो उनका भला कर सके। उन्होंने महाराष्ट्र की जनता को आगाह किया कि अगर भाजपा-आरएसएस के हाथ में दोबारा से सत्ता आ गई तो ये फिर से लोगों को बांटने का काम करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी जान कुर्बान कर दी और अपने सीने पर 32 गोलियां खाईं। उन्होंने कहा कि वह शेरनी थीं, जिन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। उन्होंने कहा, आरएसएस, भाजपा या जनसंघ के एक भी व्यक्ति ने न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में और न ही हमारी आजादी के लिए कोई योगदान दिया है। खरगे ने मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री की चुप्पी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। हत्याएं हो रही हैं। घरों को जलाया जा रहा है। लेकिन देश-विदेश घूमने वाले नरेंद्र मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए। जबकि राहुल गांधी ने मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार द्वारा की गई नोटबंदी का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि अमीर और शक्तिशाली लोगों ने सहकारी बैंकों के जरिए पुराने नोट बदलवाए। उन्होंने कहा कि इसी वजह से अमित शाह को सहकारिता मंत्रालय दिया गया। खरगे ने संबोधन के आखिर में महाविकास आघाड़ी की गारंटियां गिनाईं। जनता से महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने का आह्वान करते हुए खरगे ने एकता के नारे आवाज दो, हम एक हैं के साथ अपने भाषण का समापन किया।

# जमाअत का अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन एक बेहतर विश्व के निर्माण की नए जोश के साथ संपन्न हुआ

**हैदराबाद।** 17 नवंबर जमाअत-ए-इस्लामी हिंद का अखिल भारतीय सदस्य सम्मेलन रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मलेन में "न्याय और समानता" की स्थापना के विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जमाअत के कैडर से सत्य और न्याय के सिद्धांतों पर समाज के पुनर्निर्माण के मिशन के प्रति खुद को फिर से समर्पित करने का आह्वान किया। सम्मेलन में समापन भाषण में जमाअत के अमीर ने सदस्यों को संगठन के सदस्य बनते समय संगठन की सेवा करने की पवित्र प्रतिज्ञा की याद दिलाई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची प्रतिबद्धता के लिए सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति न केवल आस्था को अपनाता है, बल्कि सक्रिय रूप से इसे अपने आस-पास के वातावरण में भी प्रसारित करता है। सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने सदस्यों से आपसी समर्थन, सहयोग और एकता प्रदर्शित करने का आह्वान किया और बताया कि एक मजबूत सामूहिक मोर्चे को बनाए रखने के लिए ये अपरिहार्य हैं। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के सदस्यों को छोटे-मोटे मुद्दों में न उलझने की सलाह दी गई, क्योंकि ये हमारे अस्तित्व के बड़े उद्देश्य से ध्यान भटका सकते हैं। इसे सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत चिंतन के महत्व पर बल दिया तथा सदस्यों को याद दिलाया कि सच्चा समर्पण व्यक्ति के धार्मिक दायित्वों को निभाने, पारिवारिक बंधनों को पोषित करने तथा जीवन के सभी पहलुओं में सच्चाई और विश्वास को अपनाने से शुरू होता है। जमाअत के अमीर जमाअत ने मूल्य आधारित समाज के निर्माण के मिशन की स्थायी सफलता के लिए आत्म-जवाबदेही, निरंतर आध्यात्मिक कायाकल्प और नैतिक मूल्यों को कायम रखने पर जोर दिया। सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न भागों से विशेष स्थानीय और राज्य स्तर के नेता अपने सर्वोत्तम संगठनात्मक अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया तथा उन्हें संगठनात्मक विकास और सामाजिक पैठ के लिए नए विचार और रणनीतियां प्रदान कीं। सम्मेलन में सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई तथा इसमें आध्यात्मिकता, अंतर-धार्मिक संवाद, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया। एक विशेष प्रदर्शनी, 'इद्राक तहरीक शोकेस' में देश भर में चल रहे 100 से अधिक सफल सामुदायिक और सामाजिक विकास कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। सम्मेलन के मुख्य आयोजक अब्दुल जब्बार सिद्दीकी ने सभी प्रतिभागियों, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, अन्य संबंधित अधिकारियों और लगभग 1500 से अधिक स्वयंसेवकों की मजबूत टीम को इस विशाल आयोजन को सुविधाजनक बनाने में उनके समर्पित प्रयासों, समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।





# श्री जयराम रमेश, संसद सदस्य, महासचिव (संचार) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्वारा जारी बयान

**नई दिल्ली।** 17 नवंबर 2024 अर्थव्यवस्था से संबंधित आंकड़ों के साथ इस तरह की छेड़छाड़ कभी नहीं हुई, जैसा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के पिछले एक दशक के शासन काल में हुआ है। ताजा उदाहरण महिला श्रम बल भागीदारी अनुपात (LFPR) में आए तथाकथित उछाल का है। LFPR में वर्ष 2017/18 में 27% से 2023/34 में 41.7% तक के "लगातार उछाल" का सरकार का आंकड़ा पूरी तरह से फजी है। LFPR में महिलाओं की वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के कारण हुई है, जो कि आर्थिक संकट के कारण आई हैं। यह निम्न तथ्यों से स्पष्ट हैः

* स्व-रोजगार में लगी ग्रामीण महिलाओं का अनुपात तेजी से बढ़कर 57.7% (2017-18) से 73.5% (2023-24) हो गया है।
* शहरी महिलाओं में भी स्व-रोजगार 34.8% (2017-18) से बढ़कर 42.3% (2023-24) हो गया है।
* ग्रामीण और शहरी महिलाओं द्वारा किए जाने वाले पारिवारिक कार्य, जिसमें कोई वेतन नहीं मिलता, 31.7% (2017-18) से बढ़कर 36.7% (2023-24) हो गया है।
*2017-18 और 2023-24 के बीच कुल महिलाओं की LFPR में 84% वृद्धि स्व-रोजगार के कारण हुई है, जिसमें बिना किसी वेतन वाले पारिवारिक कार्य शामिल हैं।



नीचे दिया गया चार्ट पिछले दशक में महिला नौकरियों की गुणवत्ता में भारी गिरावट को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

कोई भी आधुनिक समय की अर्थव्यवस्था संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरती है क्योंकि श्रमिक कम वेतन वाली कृषि क्षेत्र की नौकरियों से मैन्युफैक्चरिंग और सेवा वाले उद्योगों में बेहतर संभावनाओं की ओर बढ़ते हैं। पिछले एक दशक में यह दुखद रूप से उलट गया है। कृषि में काम करने वाली ग्रामीण महिलाओं का अनुपात 73.2% (2017-18) से बढ़कर 76.9% (2023-24) हो गया है। महामारी के दौरान से भी यह ऊपर बना हुआ है। इस बीच आधुनिक सेवा क्षेत्र (स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी आदि) में महिलाओं के लिए नौकरियों की हिस्सेदारी में 2021 के बाद से गिरावट आई है। इस निराशाजनक स्थिति की झलक अंतिम रूप से वेतन और मजदूरी में दिखती है। महंगाई के साथ समायोजन के बाद, स्व-रोजगार में लगी महिलाओं का वास्तविक औसत मासिक वेतन 2017-18 और 2023-24 के बीच 3,073 रुपया कम हो गया, जो कि 35% की गिरावट है। इसी अवधि में वेतनभोगी महिला श्रमिकों के वास्तविक वेतन में 1,342 रुपए या 7% की गिरावट आई है। संक्षेप में कहें तो, वेतनभोगी कर्मचारी या स्व-रोजगार के रूप में कार्यबल में प्रवेश करने वाली महिलाएं आज छह साल पहले की तुलना में कम कमा पा रही हैं। यह अमृत काल की दुखद सच्चाई है। सामान्य परिस्थितियों में, महिलाओं की LFPR में वृद्धि खुश होने की बात होती। लेकिन जब यह ग्रामीण संकट के कारण हो, जब नौकरियों की गुणवत्ता में गिरावट आई हो और सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक सभी श्रेणियों में महिला श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में भी तेजी से गिरावट आई हो, तो इसे एक त्रासदी और मोदी सरकार के एक और असफल जुमले से कम कुछ भी नहीं कहा जाना चाहिए।

## फेसबुक और इंस्टाग्राम को टक्कर देने आ गया है चैटवाइज, दिन-ब-दिन बड़ रही है इसकी लोकप्रियता



## चैटवाइज ऐप फ्री में दे रहा है शेयर

**अब्दुल हफीज**

**नई दिल्ली।** 17 नवंबर वर्तमान में चैटवाइज भारत में काफी चर्चा में है और इसे काफी लोकप्रियता भी मिल रही है क्योंकि चैटवाइज से जुड़कर आम आदमी भी कंपनी में अपना हिस्सा पा सकता है। बिना कुछ खर्च किये कंपनी आपको 140 शेयर मुफ्त में दे रही है। चैट वॉइस ऐप में लगातार काम करने पर आपको ब्रांड एंबेसडर के तौर पर 1100 शेयर मिलते हैं जिसके लिए आपको लगातार टास्क पूरा करना होता है। चैटवाइज ऐप के सीईओ श्री गगन गुलाटी का कहना है कि एक समाज के रूप में, हम एआई और डीपफेक के लिए तैयार नहीं हैं जहां लोग कुछ भी पोस्ट करते हैं और यह सब फर्जी खातों के पीछे होता है। चैटवाइज दुनिया को एक अलग दिशा में ले जा रहा है। प्रौद्योगिकी की प्रगति के साथ, किसी उपयोगकर्ता को प्रमाणित करने में एक मिनट से भी कम समय लगता है, तो हम समाज को सुरक्षित रखने के लिए ऐसा क्यों नहीं करते चैटवाइज एक सार्वजनिक स्वामित्व वाली कंपनी है और हम जो कुछ भी करेंगे वह हमारे बच्चों के सर्वोत्तम हित में होगा। हम तभी संतुष्ट होंगे जब हम अपने बच्चों को चैटवाइज का उपयोग करते हुए आराम से देख पाएंगे, यही हमारा मानक है। आप को बता दें कि पहले एक मिलियन उपयोगकर्ता कंपनी में शेयर हासिल करेंगे, जो बुनियादी कार्यों को पूरा करके, कंपनी की मार्केट कैप बढ़ने पर दोलत बनाएंगे। भविष्य के आईपीओ में, शुरूआत में जुड़ने वालों को पहले से ही कंपनी के शेयर मुफ्त में मिलेंगे। गौरतलब है कि चैटवाइज एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे यूजर की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है, ताकि बॉट, गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें। सभी उपयोगकर्ता 'निजी' खातों के रूप में प्लेटफॉर्म से जुड़ते हैं और पहचान विवरण प्रदान करने के बाद ही सार्वजनिक रूप से पोस्ट करने में सक्षम होते हैं। इसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाना, हानिकारक व्यवहार को कम करना और उन बॉट्स को खत्म करना है जो आमतौर पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाए जाते हैं। गुलाटी, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, का कहना है कि भारत में फेसबुक उपयोगकर्ता सोशल मीडिया पेजों को स्क्रॉल करके बहुत सारा दोलत पैदा करते हैं। लेकिन यह दोलत संयुक्त राज्य अमेरिका में कंपनी के शेयरधारकों को हस्तांतरित हो जाती है। फेसबुक/मेटा शेयरों का कुल मूल्य अब 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक है (जो कि रिलायंस इंडस्ट्रीज से पांच गुना अधिक है!), लेकिन यह दोलत अमेरिका में रह जाती है, भले ही भारतीय उपभोक्ता इसका अधिकांश हिस्सा पैदा करते हैं और भारत फेसबुक का सबसे तेजी से विकास करने वाला मार्केट है. चैटवाइज उस प्रवृत्ति को उलटने की कोशिश कर रहा है ताकि कंपनी के कुछ हिस्सों को लोगों को वापस दिया जा सके।

# हम तो रस्मे उल्फत निभाते रहे, वो जफाओं के खन्जर चलाते रहे, उझारी में अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/उझारी।** शनिवार की देर रात कस्बा उझारी में भूरे कुरैशी बज्मे उर्दू अदब के जेरे एहतमाम मौहल्ला भीम नगर, ढवारसी वाली पुलिया, कस्बा उझारी में एक शेअरी नाशिस्त का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हाजी कल्लन और चौधरी जमीर अहमद आदि ने संयुक्त रूप से शमा रोशन करके किया। हुसैन अहमद और मौ० निहाल अल्वी ने नाते पाक पढ़ी। शहाबुद्दीन सैफी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- उसके बीते जमाने से क्यों हो गिला, वो किसी का भी था अब मेरा हो गया। हास्य व्यंग के शायर जफर गनी ने कहा- देखो हरामखोर कमाने को जारिया, जाने से पहले आने का हिसाब लगा रिया। नौशाद राज ने कहा- जिस बात से थे डरते वो ही बात हो गई, उनसे ना चाह कर भी मुलाकात हो गई। अलाउद्दीन सैफी ने कहा- मौत का झोंका उड़ा कर ले गया, जिंदगी बस हाथ मलकर रह गई। निजामुद्दीन निजाम ने कहा- कितनी मुश्किल से पाला था औलाद को, आज वो मां यूं ही दर बदर हो गई। डॉ० नदीम मलिक ने अपने कलाम में कहा- रब का फरमान आम कर दो "मलिक", सब्र से कारोबार चलते हैं। डॉ० फैसल शुजाअत ने कहा- चांद छुपता है उन्हें देख के अक्सर फैसल, जब वो रुखसार से जुल्फों को हटा देते हैं। जुनैद रिफअत ने यूं कहा- वो चारागर है उसे देखने की हसरत में, मरीज आते हैं कर-के बुखार का नाटक। बिलाल बाकरी ने कहा- मैंने खंगाल



डाली है रिश्तों की हर लुगत, मां जैसी कोई जात नहीं कायनात में। हास्य व्यंग के शायर रियासत अली टमटम ने कहा- जब भी देखा महबूब को रोते देखा, खाक पड़ जाए ऐसी बसारत पर। इफ्तखार अहमद ने कहा- है आदत मुझे हुक्म देने की, शाह था मैं गुलाम से पहले। मौ० शाकिर मसऊदी ने कहा- हम तो रस्मे उल्फत निभाते रहे, वो जफाओं के खन्जर चलाते रहे। मौ० निहाल अल्वी ने कहा- बस उसे थी खबर और मुझे था पता, फिर जमाने को कैसे खबर हो गई। मास्टर मो० असलम ने यूं पढ़ा- तहरीर तेरे खतो की जहन में है आज भी, मुद्दत से कोई लफ्ज भी मैला नहीं हुआ। उमर अब्दुल्ला सिंधी ने कहा- उसको तौबा की तौफीक भी तब हुई, खुद का बेटा नशा करके जब घर गया। देर रात तक प्रोग्राम कामयाब के साथ चलता रहा। इस मौके पर खासतौर से मास्टर इंतजार अहमद, डॉ० जयपाल सिंह, हकीम चमन, चौ० फहीमुद्दीन महल, हाजी कल्लन, नवाबुद्दीन बिजनौरी, जमीर अहमद, डॉक्टर शहरोज मुख्तार, हाजी बब्बन हुसैन, मौलाना आरिफ कासमी, चौधरी नदीम, मौ० असलम, चौधरी अली वारिस, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद आकिल आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम की अध्यक्षता बुजुर्ग शायर सरदार अहमद ने और संचालन अलाउद्दीन सैफी ने किया।

# समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव पवन अग्रवाल ने कुंदरकी में सपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/ कुंदरकी।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा 29 कुंदरकी में उपचुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा हाजी मोहम्मद रिजवान को सपा प्रत्याशी के रूप में उतर गया है, जिनके चुनाव प्रचार के लिए समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता अपने प्रत्याशी को जीतने के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं इसी क्रम में अमरोहा जनपद के हसनपुर नगर निवासी समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव पवन अग्रवाल ने सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद रिजवान वह मुरादाबाद की संसद रुचि वीरा तथा हसनपुर से साथ गए अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रिजवान के लिए कुंदरकी विधानसभा का भ्रमण करते हुए लोगों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी



हाजी मोहम्मद रिजवान के लिए वोट मांगे, बता दे की जहां कुंदरकी विधानसभा सीट लंबे समय से समाजवादी के कब्जे में रही है वहीं इस बार कुंदरकी विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी व समाजवादी प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला बताया जा रहा है, बता ते चले कि हाजी रिजवान व अन्य पर पुलिस द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि को लेकर प्राथमिक की दर्ज हो चुकी है वहीं हाजी रिजवान पर पूर्व में फर्जी आईडी के द्वारा वोट बनवाने का आरोप के चलते प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है, अब समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रिजवान पर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भारी दबाव है, तथा समाजवादी के दिग्गज रोजाना कुंदरकी विधानसभा में पहुंचकर सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार कर रहे हैं और अब देखना यह है कि समाजवादी के दिग्गज नेताओं की मेहनत क्या रंग लाती है।

# बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि पर शिव सैनिकों ने अर्पित किए पुष्प

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को नगर में शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव के कैंप कार्यालय पर शिवसेना के संस्थापक स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि मनाते हुए शिव सैनिकों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अंजलि अर्पित की और उनके बताएं सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया, इस मौके पर शिव सैनिकों को संबोधित करते हुए शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने कहा कि बाला साहब जी ने जो हमें झंडा दिया है उस झंडे के तले रहते हुए हम सभी शिव सैनिकों का एक कर्तव्य है कि हर जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद तरीके से उठाएं समाज में शिवसेना के प्रति फैली हुई गलतफहमियों को दूर करते हुए हर किसी मजलूम की आवाज को अपनी आवाज समझते हुए उठाना है और समस्या का समाधान करना और करना है चाहे वह किसी भी स्तर का हो शिवसेना की आवाज किसी एक धर्म विशेष के लिए नहीं हर धर्म हर जाति के लोगों के लिए हैं। अगर कहीं भी किसी के साथ अन्याय होता है तो शिव सैनिक हर वक्त तैयार रहेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, जिला उप प्रमुख निकुंज शर्मा, नगर प्रमुख विकास यादव, विपिन प्रजापति, रिंकू प्रजापति, अमित प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, बॉबी प्रजापति, सतबीर सिंह प्रजापति, रवि यादव, मनोज यादव, अरशद अली, सतपाल महाराज आदि सहित दर्जनों शिव सैनिक मौजूद रहे।



# ई ए एस बी चंद्रकला की फर्जी आईडी से राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक से ठगी का प्रयास, जताया आक्रोश

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को ऑनलाइन ठगी के प्रयास का एक और मामला सामने आया है वो भी आई ए एस अफसर के नाम की आई डी से, बताते चलें कि राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक और पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ कृष्ण कुमार शर्मा के मैसेंजर पर बी चंद्रकला नाम की आई डी से 5000 रुपए की मांग की गई। हालांकि श्री शर्मा अपनी सूझ बूझ के चलते शिकार नहीं हो पाए। लेकिन उन्होंने आजकल अधिकारियों से लेकर मंत्रियों तक से बेलगाम साइबर ठगो द्वारा की जा रही घटनाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। मांग की कि इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है कि आए दिन कोई न कोई व्यक्ति इस प्रकार की घटनाओं से शिकार हो रहा है। लेकिन प्रशाशन इस प्रकार के ठगो पर कठोर कार्रवाई करने में फेल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के ठगो के विरुद्ध कार्यवाही कर घटनाओं को नहीं रोके जाने पर आंदोलन किया जायेगा। नगर निगम, जोन 2 में चला अतिक्रमण अभियानः लोकतंत्र की शान संवाददाता, लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निदेर्शानुसार




समस्त जोनों में चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान के दृष्टिगत जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में वार्ड राजा बाजार जोन 2 में और जेड एस ओ राम सकल यादव के सहयोग से अभियान चलाया गया। जिसमें मेडिकल कालेज शाह मीना रोड पर अतिक्रमण और साथ ही गंदगी हटाई गई, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर भी कार्रवाई करते 4 19 चालान काटे गए,8000/- रुपये जुमार्ना भी वसूला गया।

# मॉर्निंग वॉक के लिए पार्क जा रही महिला से चेन स्नेचिंग

**लोकतंत्र की शान /लखनऊ /ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा )**

**लखनऊ।** पारा इलाके में दो बाइक से आए तीन चेन लुटेरों ने बुजुर्ग महिला की चेन लूट ली। महिला अपने पोते के साथ पार्क में जा रही थी। तभी मौका पाकर लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया। छीनाझपटी में महिला को हल्की की चोट भी लगी है। पुलिस केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। गोकुल ग्राम योजना मन्नू खेड़ा पर के रहने वाले वेंकटेश रमन पांडे ने पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। वेंकटेश पांडे ने बताया उनकी मां पुष्पा पांडे अपने पोते के साथ मंगलवार दोपहर 12:30 बजे स्वामी विवेकानंद पार्क के पास जा रही थी। लुटेरे ने पीछे से मारा हाथ वेंकटेश पांडे की मां ने गले में एक लाख की कीमत की सोने की चेन पहन रखी थी। जब वह पार्क के पास पहुंची तभी अचानक से दो मोटरसाइकिल पर तीन लड़के आ गए। इनमें से एक लड़का जो लाल कलर की शर्ट पहने हुए था। पार्क के दूसरे कोने से पैदल आया और सोने की चेन छीन लिया। चेन लूटने से पहले लुटेरे ने पीछे से हाथ मारा जिससे वह डिसबैलेंस होकर गिर गई। हनुमान मंदिर पार्क की तरफ भागे लुटेरे घटना देख उनका पोता वही रोने लगा। तभी चेन लुटेरे मौका पाकर हनुमान मंदिर पार्क की तरफ भाग निकले। आगे जाकर सडरौना रोड की तरफ मुड़ गए। इसके बाद वेंकटेश रमन पांडे ने पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर पर का कहना है पुलिस सीसीटीवी की मदद से चेन लुटेरों की तलाश कर रही है।

## नगर निगम जोन-6 के एसएफआई पर हुई कार्रवाई

### नगर आयुक्त ने सुबह-सुबह मांगी फोटो व लोकेशन, फोटो व लोकेशन न भेजने पर लिया एक्शन

**लोकतंत्र की शान /लखनऊ (देवेंद्र शर्मा )**

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने रविवार की सुबह अचानक सभी सफाई इंस्पेक्टर से उनका लोकेशन मांगना शुरू कर दिया। इस दौरान लोकेशन के साथ अपनी फोटो भेजनी थी। इसमें जोन-6 के एसएफआई रामजी पांडेय का कोई अता-पता नहीं चला। आशंका जताई जा रही है कि वह मौके पर नहीं पहुंचे थे। सुबह करीब 10 बजे तक उन्होंने अपनी फोटो नहीं भेजी थी। शहर के 100 वार्ड में सभी जगहों से यह फोटो मांगी गई थी। रविवार को अवकाश के दिन अक्सर यह शिकायत आती है, कि कोई सफाई के लिए नहीं आया। ऐसे में नगर आयुक्त ने सभी लोगों से फोटो और लोकेशन मांगी। नगर आयुक्त इद्रजीत सिंह ने बताया कि रामजी पांडेय ने कोई जानकारी नहीं शेयर की है। उन्होंने बताया कि इस मामले उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

# प्रचार के आखिरी दिन झारखंड के समर में उतरेंगे योगी

## तीन विधानसभा क्षेत्रों में रैली करेंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**लखनऊ, 17 नवंबरः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड के समर में उतरेंगे। सीएम ने चुनाव प्रचार का आगाज भी पांच नवंबर को झारखंड से ही किया था। सीएम झारखंड में इसके पहले पांच नवंबर, 11 नवंबर व 14 नवंबर को रैली कर चुके हैं। सोमवार को यहां वे चौथे दिन चुनाव प्रचार में पहुंचेंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली रैली साहबगंज जनपद में होगी। ?हां की राजमहल विधानसभा क्षेत्र में सीएम वोट मांगेंगे। राजमहल से भारतीय जनता पार्टी ने अनंत ओझा को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरी रैली जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में करेंगे। यहां से सीता सोरेन कमल चुनाव निशान पर मैदान में हैं। सीएम की तीसरी रैली देवघर में होगी। देवघर विधानसभा क्षेत्र से नारायण दास भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं।



# ठाकुरगंज में इलाज कराने अस्पताल गई महिला के टप्पेबाजों ने जेवर हड़पे

**लोकंतंत्र की शान /लखनऊ ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा )**

**ठाकुरगंज।** क्षेत्र में पथरी का इलाज कराने आई महिला से जालसाजों ने ठगी की। महिला को बातों में उलझाकर उसके गहने उतवा लिए और कागज की गड्डी थमाकर चले गए। मौके से पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है। मड़ियांव की रहने वाली रामा (50) पत्नी रमेश का ठाकुरगंज स्थित भरत अस्पताल में पथरी का इलाज चल रहा है। कुछ समय पहले ऑपरेशन हुआ था। जिसके बाद भी उनके पेट में दर्द बना रहता था। इसी को दिखाने के लिए रविवार को करीब 3.30 बजे महिला अस्पताल आई थी। इस दौरान अस्पताल के पास उन्हें दो लड़के मिल गए। चारबाग जाने का रास्ता पूछकर उनको अपनी बातों में उलझाकर कान के झाले और मंगलसूत्र उतरवा लिया। गहनों को कपड़े में बांधकर लौटा दिया और सौ के नोट की गड्डी देकर अस्पताल के बाथरूम में खोलने को कहकर टप्पेबाज भाग निकले। कपड़ा खोलने पर उसमें गिट्टी निकली, जबकि गड्डी में ऊपर एक 100 का नोट और नीचे कागज की कटिंग लगी थी। महिला ने जब देखा तो होश उड़ गए। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। सीसीटीवी में दिखाई दिए दो लड़के पुलिस का कहना है कि घटना का एक सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें दो लड़के रामा से बातचीत करते हुए दिख रहे हैं। कुछ देर बाद वो कुछ देते हैं और वहां निकल जाते हैं। इसके बाद रामा अस्पताल के अंदर चली जाती हैं। युवक इशारा करके आगे की तरफ कुछ दिखाते हैं। फिर वहां से निकल जाते हैं।सीसीटीवी के अधार पर युवक की तलाश की जा रहीं हैं।

# हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव आज से शुरू

**लोकतंत्र की शान /लखनऊ ब्यूरो (देवेंद्र शर्मा )**

**लखनऊ।** हस्तशिल्प महोत्सव का शुभारंभ सोमवार से होगा। आशियाना के स्मृति उपवन में शुरू हो रहे 15 दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन राज्यसभा सांसद तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ,पवन सिंह चौहान, महापौर सुषमा खर्कवाल, एम०एल०सी० मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष उ०प्र० राज्य महिला आयोग अर्पणा यादव, विधायक राजेश्वर सिंह, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, विधायक गौरीगंज अमेठी राकेश प्रताप सिंह, लखनऊ भा०ज०पा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, अमेरिकन चैम्बर ऑफ कामर्स चेयरमैन मुकेश बहादुर सिहं, पूर्व कैण्ट लखनऊ विधायक व बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, समाजसेवी संतोष श्रीवास्तव, समीर शेख आदि करेंगे। यह जानकारी मां गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष व संयोजक भाजपा लखनऊ महानगर अरुण प्रताप सिंह ने दी। अरुण ने बताया कि 15 दिन तक शहर के लोग महोत्सव में झूलों, लजीज व्यंजनों के अलावा खरीदारी का आनंद उठा सकेंगे।

# कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनएः सीएम योगी

## महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के रण में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने की तीन जनसभाएं

**कोल्हापुर/सतारा/पुणे, 17 नवंबरः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चौथे दिन चुनावी प्रचार में उतरे। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं, नीतियों व सहयोगियों पर खूब हमला किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए है। इनका इतिहास भारत के साथ धोखा देने का रहा है। कांग्रेस की कायरता, सत्तालोलुपता थी कि भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया। लाखों हिंदू काटे गए। 1947 में कांग्रेस नेतृत्व चाहता तो भारत का विभाजन नहीं होता और न ही पाकिस्तान बनता। पाकिस्तान के लिए दंगा करने वाले मुसलमानों से वैसे ही निपटा जा सकता था, जैसे आज निपटते हैं।

**राजनीतिक स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने देश व हिंदुओं को बांटा**

सीएम योगी ने महाराष्ट्र की धरती पर महापुरुषों का वंदन किया। उन्होंने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद मैं आगरा में निरीक्षण कर रहा था, बताया गया कि यहां मुगल म्यूजियम है, जिसमें औरंगजेब व मुगल शासन के प्रतीक रखे जाएंगे। मैंने पूछा कि मुगलों का भारत से क्या संबंध है। इसे हटाइए, म्यूजियम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर होगा और यहां भारत के गौरव को दशार्या जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महायुति में जोड़ने वाली ताकते हैं तो महा अघाड़ी के नाम पर महा अनाड़ी गठबंधन बांटने का कार्य कर रहा है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने देश, हिंदू समाज को बांटा। कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए आ गया है। कांग्रेस के लिए देशहित कभी महत्व नहीं रखता। अंग्रेजों की तरह यह भी बांटों और राज करो की नीति पर चल रहे हैं।

**पहले पीओके, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे**

सीएम योगी ने भोसरी में कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकी अब भारत की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता। उसे पता है कि नया भारत घुसकर मारता है। 10 वर्ष में पाकिस्तान की हालत यह हो है कि कटोरा लेकर घूम रहा है, लेकिन कोई भीख भी नहीं दे रहा। सीएम ने आह्वान किया कि भारत की ताकत को बढ़ाइए तो पहले पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में आएगा, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान




के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे। गोहत्या बंद कराने का काम भी महायुति गठबंधन ही कर पाएगा, कांग्रेस नेतृत्व नहीं।

खड़गे जी के गांव में कत्लेआम करने वाले कट्टरपंथी मुसलमान वही हैं, जो आज शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी करते हैं

सीएम कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा के साथ ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी हमलावर रहे। बोले कि 1947 में खड़गे जी के गांव बारावत्ती को हैदराबाद के निजाम के रजाकारों ने जला दिया था, जिसमें उनकी मां, बहन व चाची की मृत्यु हो गई थी। जब मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे तो खड़गे जी को बुरा लगता है। खड़गे जी बताइए कि निजाम और उसके रजाकार कौन थे, जिन्होंने निर्ममतापूर्वक हिंदुओं का कत्लेआम किया था। आप कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन नेतृत्व के भय से नहीं बोल रहे। आपको सच्चाई बोलनी चाहिए। निजाम का रजाकार कोई और नहीं, बल्कि वही कट्टरपंथी मुस्लिम हैं, जो आज भी गणपति महोत्सव, रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव व विशालगढ़ जैसे किलों पर कब्जा कर भारत को अपमानित करने का कार्य करते हैं।

**महायुति सरकार बनी तो पत्थरबाज घर में सिमट जाएंगे**

सीएम योगी ने कहा कि जब विशालगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कोशिश की जाती है तो पत्थरबाजी शुरू हो जाती है। सनातन पर प्रहार भारत पर प्रहार है। सनातन भारत के आधार का प्रतीक है, इस पर प्रहार महाविनाश को आमंत्रित करता है।महायुति गठबंधन की सरकार बनती है तो विशालगढ़ किले का अतिक्रमण हट जाएगा, गणपति बप्पा व रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। पत्थरबाज घर में सिमट जाएंगे, बाहर नहीं निकल पाएंगे। यदि निकलकर पत्थरबाजी किए तो यूपी का सूत्र लागू हो जाएगा और राम नाम सत्य की यात्रा निकलेगी। सीएम ने चेताया कि बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

# प्रयागराज महाकुम्भ बना लखनऊ में आकर्षण का केंद्र



**लोकतंत्र/लखनऊ शिवम मिश्रा लखनऊ।** में बना प्रयागराज महाकुंभ 2025 के स्वागत में भव्य सेल्फी प्वाइंट लोगों को आकर्षक कर रहा है यह सेल्फी प्वाइंट माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर राजधानी लखनऊ का सबसे चर्चित स्थान जाना माना 1090 चौराहे पर उत्तर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क निदेर्शालय बनाया गया भाव य महाकुंभ सेल्फी प्वाइंट जिसको देखकर पर्यटक बहुत आकर्षक हो रहे हैं और खूब सेल्फी का आनंद उठा पा रहे हैं सन 2025 13 जनवरी से प्रयागराज में लगा रहा है महाकुंभ।

# संगम की स्वच्छता की पहरेदारी कर रहे प्रयागराज के 500 "गंगा प्रहरी"

**प्रयागराज, 17 नवंबर।** प्रयागराज में गंगा और यमुना का संगम सिर्फ दो नदियों का नहीं बल्कि सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का भी संगम है। हर साल देश और विदेश से आने वाले लाखों करोड़ों लोग यहां के स्वच्छ और निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। तीर्थों के तीर्थ संगम के प्रति लोगों की यह आस्था यूं ही बनी रहे, इसके लिए 500 गंगा प्रहरी दिन रात दोनों नदियों की स्वच्छता और निर्मलता को बनाए रखने में जुटे हुए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब करोड़ों लोग संगम में पवित्र स्नान करेंगे तब भी यही गंगा प्रहरी नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पहरेदार बनकर खड़े रहेंगे। योगी सरकार इन्हें ट्रेनिंग के साथ ही रोजगार से जोड़कर प्रोत्साहित कर रही है।

**शिफ्ट में करेंगे काम**

प्रयागराज में छोटे बड़े करीब 25 घाट हैं। महाकुंभ के दौरान इन सभी घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ने वाला है। ऐसे में घाटों के साथ साथ गंगा और यमुना नदी की स्वच्छता को बनाए रखना एक चुनौती होगी। हालांकि, प्रत्येक घाट पर तैनात गंगा प्रहरी इसको लेकर आश्वस्त हैं। वह निरंतर नदियों और घाटों की सफाई में जुट हुए हैं और साथ ही श्रद्धालुओं को भी नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक घाट पर 15 से 20 गंगा प्रहरी गंगा और यमुना दोनों ही नदियों की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। महाकुंभ के दौरान यह शिफ्ट में काम करेंगे। वहीं, पूरे देश से चुनिंदा 200 से अधिक गंगा प्रहरी यहां बुलाए जा रहे हैं, ताकि गंगा और यमुना की स्वच्छता बनाए रखने में जनशक्ति की कमी न हो।

**जलीय जीवों का हो रहा संरक्षण**

प्रयागराज में नमामि गंगे परियोजना के तहत वन्य जीव संस्थान के माध्यम से ये गंगा प्रहरी लगातार नदियों और घाटों की स्वच्छता के साथ साथ जलीय जीवों के संरक्षण में जुटे हुए हैं। जलज



योजना में असिस्टेंट कॉर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे चंद्रा कुमार निषाद के अनुसार, गंगा और यमुना नदियों में लाखों लोग डुबकी लगाते हैं, लेकिन यदि जल स्वच्छ न हो तो उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है। हमारी टीम दिन रात घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाती है। घाट के साथ साथ नदी में जो अपशिष्ट पदार्थ होते हैं उन्हें भी जाल के माध्यम से निकालकर नदी को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाता है। इसके अतिरिक्त हम श्रद्धालुओं को भी जागरूक करते हैं कि वो घाट और नदी दोनों ही जगह स्वच्छता का ध्यान रखें। इसमें कूड़ा या फूल माला न फेंके। इसके बावजूद जो लोग फूल या अन्य गंदगी फेंकते हैं तो हम तुरान जाल और अन्य इक्विपमेंट से उठा लेते हैं।

# हरियाणा

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेप तीन के नियमों की सख्ती से पालना जरूरी : डीसी

### डीसी विक्रम सिंह ने प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के दिए निर्देश

### फरीदाबाद में ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू, डीसी ने जिले वासियों से वायु प्रदूषण नियंत्रण करने में भागीदार बनने का आह्वान किया

फरीदाबाद, नवम्बर : डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रैप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। डीसी ने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से फरीदाबाद सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) थ्री के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सभी जिलावासी वायु प्रदूषण को नियंत्रण करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। डीसी ने कहा कि जिला में ग्रेप- तीन की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एसएसआईआईडीसी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं।



सभी विभाग जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें। सभी ताजा व खुली हवा में सांस ले सकेंगे। प्रदूषण को लेकर एनजीटी की गाइडलाइन पूरी तरह से स्पष्ट और सख्त है। डीसी ने कहा केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले फरीदाबाद सहित साथ लगते जिलों में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए विस्तार से दिशा निर्देश आदेश जारी किए गए हैं। विभागों को उनकी जिला में सख्ती से पालना सुनिश्चित करानी होगी।संबंधित विभागाध्यक्ष नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए नियमित रूप से एटीआर भिजवाना सुनिश्चित करें।

#### ग्रेप नियमों की अनदेखी करने पर होगी कार्रवाई

डीसी ने नगर निगम, एसएसआईआईडीसी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एचएसवीपी, खनन, निर्माण कार्य से जुड़े विभागों को निर्देश दिए कि वे जिला में कंस्ट्रक्शन साइट व औद्योगिक इकाइयों की नियमित रूप से विजिट करते हुए चेकिंग करें और ग्रैप नियमों की अनदेखी, अनियमितताएं व कोताही पाए जाने पर उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें।

#### जगह-जगह होगा पानी का छिड़काव

**डीसी** ने कहा कि हाई डस्ट क्षेत्र को चिह्नित करते हुए जरूरी कदम उठाए जाएं। वहीं कूड़े के ढेरों में आगजनी की मॉनिटरिंग की जाए,सभी प्रमुख सड़कों पर जहां यातायात ज्यादा है। ऐसे स्थानों पर नियमित रूप से पानी छिड़काव करवाया जाए। आरडब्लूए व अन्य एसोसिएशन से संपर्क करते हुए ग्रैप तीन के नियमों की पालना कराई जाए। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को कंस्ट्रक्शन साइट, औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में स्प्रिंकलर के जरिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने के निर्देश भी दिए।

## हरियाणा में बढ़ते बी.पी.एल. परिवार सरकार की नाकामी का रिपोर्ट कार्ड : कुमारी सैलजा

### कहा-हरियाणा की कुल आबादी में 70 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे

चंडीगढ़, नवंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आर्थिक विकास एवं संपन्नता की दृष्टि से भारत में अग्रणी माना जाने वाला हरियाणा अपने ही एक विभाग-नागरिक संसाधन सूचना डिपार्टमेंट की लापरवाही के कारण एक बिलो पॉवर्टी लाइन (बीपीएल) राज्य बन गया है क्योंकि इसकी कुल आबादी का 70 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे पहुंच गई है। बढ़ते बीपीएल परिवार सरकार की नाकामी का रिपोर्ट कार्ड है। सरकार को बताना चाहिए कि उनके विकास के दावों के बावजूद इतनी बड़ी आबादी गरीब कैसे हो गई?। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हैरानी की बात यह भी है कि जिन निर्धन लोगों को वास्तव में बीपीएल कार्ड और उसका लाभ मिलना चाहिए था वह उनको नहीं मिला। बीते साल ही जारी प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े में हरियाणा दूसरे नंबर पर है। जहां पर प्रति व्यक्ति सालाना आय 2,96,685 रुपए होने का दावा किया जा रहा है तो फिर इतने बीपीएल लोग कैसे हैं और कहां से आ गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। दस साल में भाजपा ने हरियाणा की 70 प्रतिशत आबादी को गरीब बना दिया। अब सरकार इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते बीपीएल परिवार सरकार की नाकामी का रिपोर्ट कार्ड है। सरकार को बताना चाहिए कि उनके विकास के दावों के बावजूद इतनी बड़ी आबादी कैसे गरीब हो गई?। उन्होंने कहा कि अगर डाटा में हेरफेर के कारण बीपीएल लोगों की संख्या बढ़ी है तो उन सरकारी कर्मचारियों को इसके लिए उत्तरदायी ठहराकर दंडित करना चाहिए। अगर परिवार पहचान पत्र में कोई भी व्यक्ति अपनी आय घोषित करता है तो उसके सत्यापन की जिम्मेदारी सरकार की बनती है पर शायद इसी जांच तक नहीं करवाई जाती। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर अपना पक्ष जनता के समक्ष जरूर रखना चाहिए कि क्या प्रदेश में बीपीएल लोगों की संख्या बढ़ रही है, बढ़ रही है तो क्यों बढ़ रही है, एक ओर प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का दावा किया जा रहा है तो बीपीएल लोग कहां से बढ़ रहे हैं।



कुमारी सैलजा

## हरियाणा में विपक्ष का अब तक का सबसे बड़ा विधायक दल, सरकार को उसके चुनावी वायदे पूरे करने को मजबूर करेंगे : दीपेन्द्र हुड्डा

बहादुरगढ़, नवंबर : सांसद दीपेंद्र हुड्डा बहादुरगढ़ में आयोजित कई सामाजिक कार्यक्र मों में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी प्रदेश में सकारात्मक एवं मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हर वर्ग की आवाज उठाएगी। हरियाणा की जनता ने पूरे प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा के बराबर मत प्रतिशत देकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे अच्छे से निभाएंगे। सांसद दीपेन्द्र ने कहा कि विपक्ष के 37 विधायकों वाला विधायक दल हरियाणा में अब तक का सबसे बडा विधायक दल है। सरकार इस गलतफहमी में न रहे कि उसने चुनाव में जैसे-तैसे करके सरकार बना ली है। अब उसे कोई टोकने वाला नहीं है। कांग्रेस पार्टी मजबूत व सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने में किसी तरह की कोई कोर कसर नहीं छोडेगी और सरकार को उसके चुनावी वायदे पूरे करने को मजबूर करेगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने विश्वास दिलाया कि सभी कांग्रेसजन प्रदेश के आम गरीब, किसान, नौजवान की आवाज उठाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे और पहले की तरह ही हर वर्ग की समस्याओं का समाधान कराने के लिए सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने चुनाव के समय जनता से जो-जो वादे किये थे उन्हें अविलंब पूरा करे। उन्होंने याद दिलाया कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 देने, हर घर गृहणी योजना तहत 500 में सिलैंडर देने, किसानों की उपज पर खरीदने, 2 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी, 5 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जैसे तमाम वादे किए थे, लेकिन अब तक उन पर अमल नहीं किया। प्रदेश के किसान मंडियों में अपनी धान की उपज को 300 ङ्क 400 रुपए कम भाव में बेचने को मजबूर हैं, तो खाद किल्लत के चलते थानों से ष्ठक्क के टोकन बंट रहे हैं। किसानों को खाद के लिए कई-कई दिन, कई-कई घंटे कतारों में इंतजार करना पड रहा जबकि खाद की धड़ल्ले से कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूत विपक्ष के रूप में भाजपा सरकार पर जनता से किये हर वादे को पूरा करने का दबाव बनाएगी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से एचईआरसी अध्यक्ष ने की भेंट, विद्युत क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

### थर्मल प्लांटों को दुरुस्त करना, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना, केंद्र की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर हुआ विचार-विमर्श



चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने शुक्रवार देर शाम प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। नवनियुक्त सरकार के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत यह एचईआरसी अध्यक्ष की मुख्यमंत्री से पहली मुलाकात थी। बैठक के दौरान विद्युत क्षेत्र में सुधार, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, थर्मल पावर प्लांटों को दुरुस्त करने और विद्युत क्षेत्र से संबंधित केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही एग्रीगेट ट्रांसमिशन एंड कमर्शियल लॉस (एटीएंडसी) को कम करने के महत्व पर भी चर्चा की गई, जिसमें बिजली वितरण क्षमता बढ़ाने, राजस्व घाटे को कम करने और हरियाणा में अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(2) के तहत राज्य विद्युत विनियामक आयोग राज्य सरकार को राज्य में बिजली उद्योग के पुनर्गठन, पुनर्संरचना, उत्पादन, प्रसारण और वितरण जैसे विषयों पर तकनीकी सलाह देता है। इसी के तहत एचईआरसी अध्यक्ष की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। इस दौरान हरियाणा के थर्मल प्लांटों को दुरुस्त करने, सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने और रूफटॉप सोलर योजनाओं को अधिक प्रभावशाली ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री की हर घर सूर्य योजना को क्रांतिकारी तरीके से लागू करने के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ।

शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि जब वे सतलुज जल विद्युत निगम के सीएमडी थे, तो उन्होंने तत्कालीन केंद्रीय विद्युत मंत्री के साथ मिलकर इस योजना को तैयार करवाने में अपनी भूमिका निभाई थी । उन्होंने कहा कि यह योजना भारत सरकार के 2030 तक 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी का उत्पादन करने के लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगी। वर्तमान में एचईआरसी अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका विद्युत क्षेत्र में बेहतर विनियम बनाना और उनकी प्रभावी पालना सुनिश्चित करवाना है।

शर्मा ने हर घर सूर्य योजना के बारे में बताया कि यह भारत सरकार की एक योजना है, जिसके तहत घरों पर सोलर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को की थी। यह योजना गरीबों के जीवन में उजाला लाने का काम करेगी। अंत्योदय परिवारों को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी दी जाती है। इससे केंद्र सरकार को हर साल करीब 75,000 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। इसके अतिरिक्त बैठक में विद्युत क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा हुई। इस वर्ष 31 जुलाई को राज्य में बिजली की अधिकतम खपत करीब 14,662 मैगावाट तक पहुंच गई थी, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। वर्तमान में प्रदेश में 14,943.92 मेगावाट बिजली की स्थापित क्षमता है और बिजली उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर लगभग 81 लाख हो गई है।

#### विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(2) के तहत एचईआरसी राज्य सरकार को विद्युत क्षेत्र में सुधार के लिए देता है तकनीकी सुझाव

## 1500 अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों को हरियाणा एक्सटैंशन लैक्चरार और गैस्ट लैक्चरार (सेवा की सुनिश्चितता) बिल-24 की तर्ज पर सेवा सुरक्षा सेवानिवृत्ति 60 वर्ष तक करें सरकार : हुकटा









चंडीगढ़, नवंबर : हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) वैधानिक प्राधिकरण के अंतर्गत हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में लंबे समय से कार्यरत करीब 1500 अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों को नियमित होने तक सेवा सुरक्षा करने को लेकर संघर्ष कर रही है। विधानसभा सत्र में सोमवार को हरियाणा एक्सटैंशन लैक्चरार और गैस्ट लैक्चरार (सेवा की सुनिश्चितता) बिल-24 महाविद्यालयों के 2000 एक्सटैंशन लैक्चरार के लिए पेश हो रहा है। हुकटा को भी पूर्ण उम्मीदें हैं कि नायब सरकार इसी विधानसभा सत्र में विश्वविद्यालयों में कार्यरत 1500 अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों को महाविद्यालयों के एक्सटैंशन लैक्चरार की तर्ज पर सेवा सुरक्षा सेवानिवृत्ति 60 वर्ष तक प्रदान करेगी ताकि सेवा सुरक्षा का लाभ यूनिवर्सिटी व कॉलेज के अनुबंधित शिक्षकों को एक साथ मिल सकें। क्योंकि विश्वविद्यालयों से संबंधित महाविद्यालयों के एक्सटैंशन लैक्चरार और विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों दोनों की समान योग्यताएं (यूजीसी नेट व पीएचडी), समान वेतन (57,700 रुपए) एवं समान ही उच्च शिक्षा विभाग (उच्चतर शिक्षा सदन, पंचकूला) हैं तो सेवा सुरक्षा बिल भी एक समान इसी विधानसभा सत्र में आना चाहिए जिससे विद्यालयों के गैस्ट टीचर, कॉलेज के एक्सटैंशन लैक्चरार आदि सब अनुबंधित शिक्षकों के साथ ही यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों को भी सेवा सुरक्षा का लाभ मिल सकें। हम में से ही बहुत से अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसर लंबे समय से नियमित होने तक सेवा सुरक्षा की प्रतीक्षा करते हुए अपने भर्ती में आवेदन करने की आयु सीमा को भी पार चुके हैं।

प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक ने बताया कि हमारा चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा निर्धारित सभी पात्रता शर्तों एवं चयन प्रक्रिया के मापदंड जैसे विज्ञापन तथा गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार इत्यादि को पूर्ण करके विधि सम्मत ही किया गया है और हम रिसर्च स्कॉलर में सहयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त 4 वर्ष पहले महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला ने हरियाणा के विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतियों को अनुबंध आधार पर कार्यरत अनुबंधित असिस्टैंट प्रोफैसरों की सेवा सुरक्षा लागू करने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करने का पत्र भी जारी किया गया था लेकिन अब तक सेवा सुरक्षा नहीं मिली। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी में कार्यरत नॉन टीचिंग के एचकेआरएन व टीचिंग में 50 हजार रुपए से कम मासिक वेतन वाले पूरे हरियाणा के 1 लाख 20 हजार अनुबंध कर्मचारियों को नायब सरकार ने इसी विधानसभा सत्र में हरियाणा अनुबंध कर्मचारी सेवा सुरक्षा बिल लाकर सेवा सुरक्षा 58 वर्ष तक सेवानिवृति तक कानून बना दिया है।

## कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार राजशाही की तरह सबसे ऊपर, यह प्रजातांत्रिक नहीं बल्कि राजशाही पार्टी है : अनिल विज

### भाजपा सरकार गरीब लोगों को अनाज व राशन दे रही है तो हुड्डा साहब को इससे तकलीफ हो रही है जो आश्चर्य की बात है : अनिल विज

अम्बाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार राजशाही की तरह सबसे ऊपर है, कांग्रेस प्रजातांत्रिक नहीं बल्कि राजशाही पार्टी है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को नष्ट करना चाहते है के बयान पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि ह्वउल्टा चोर कोतवाल को डांटेह्व। उन्होंने कहा कि संविधान की धज्जियां गांधी परिवार ने उड़ाई है और राहुल गांधी अपने परिवार का इतिहास देखें। इनकी दादी इंदिरा गांधी ने 1975 में ईमरजेंसी लगाते हुए लोगों के मौलिक अधिकार बंद कर दिए थे, अखबारों पर सेंसर लगा दिया, डेढ़ लाख लोगों को जेल में डाल दिया था। उन्होंने कहा कांग्रेस संविधान की बात करती है, कितनी बार धारा 356 लगाकर चुनी सरकारों को तोड़ा। संविधान के साथ खिलवाड़ कांग्रेस करती है और करती आई है। कांग्रेस पार्टी के अंदर भी प्रजातंत्र नहीं है, गांधी परिवार राजशाही की तरह सबसे ऊपर है और यह तो प्रजातांत्रिक नहीं राजशाही पार्टी है। भाजपा में प्रजातंत्र है जहां एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है।



#### हुड्डा साहब के राज में जिनपर उनकी सरकार की मेहरबानी होती थी, उन्हीं के बीपीएल कार्ड बनते थे और बाकि घूमते रहते थे : मंत्री अनिल विज

कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा के बयान कि भाजपा उलटा चोर कोतवाल को डांटे नीति पर चल रही है के बयान पर पलटवार करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि हुड्?डा साहब के राज में जिनपर उनकी सरकार की मेहरबानी हो जाती थी उन्हीं के बीपीएल कार्ड बनते थे और बाकि घूमते रहते थे। मगर भाजपा सरकार ने सिस्टम को बेहतर बनाते हुए कार्ड बनाने के सैंटर खोले है जिसका लोगों को फायदा मिल रहा है। यदि हमारी सरकार गरीब लोगों को अनाज दे रही है, राशन दे रहे हैं और हुड्डा साहब को इससे तकलीफ हो रही है तो यह आश्चर्य की बात है।

## गन्ने के रेट में मामूली बढ़ौतरी कर बीजेपी ने किसानों के जख्मों पर छिड़का नमक : हुड्डा

### कांग्रेस सरकार ने की थी 165% तो बीजेपी ने की सिर्फ 24% बढ़ौतरी : हुड्डा

चंडीगढ़, नवंबर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने एकबार फिर गन्ना किसानों के साथ भद्दा मजाक किया है। सरकार ने गन्ने के रेट में 14 रुपए की मामूली बढ़ौतरी करके किसानों के जख्मों पर नमक छिड़का है। उन्होंने कहा कि खेती बढ़ती लागत के मद्देनजर आज की तारीख में रेट 450 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा होना चाहिए। लेकिन 10 साल सत्ता में रहते हुए भी बीजेपी ने मात्र 386 रुपए ही रेट किया है। बीजेपी सरकार द्वारा रेट में जितनी बढ़ौतरी की है, इसके मुकाबले खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर पार्ट्स, खेती उपकरणों, डीजल व लेबर का रेट कई गुणा बढ़ौतरी हो चुकी है। इसलिए यह मामूली बढ़ौतरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान गन्ने के रेट में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ौतरी हुई थी। प्रदेश की सत्ता में जब कांग्रेस आई तो 2005 में गन्ने का भाव मात्र 117 रुपए था। लेकिन कांग्रेस ने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में लगभग 3 गुणा यानी 165 प्रतिशत बढ़ौतरी करके रेट को 310 रुपए तक पहुंचाया था। लेकिन बीजेपी ने अपने पूरे कार्यकाल में गन्ने के रेट में मात्र 24 प्रतिशत ही बढ़ौतरी की। इतनी बढ़ौतरी तो कांग्रेस सिर्फ एक साल के भीतर कर देती थी, जितनी बीजेपी ने 10 साल में की है। हुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा जिस रेट का ऐलान किया जाता है, उसके लिए भी किसानों को कई-कई महीने, कई-कई साल तरसाया जाता है। हरबार किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए आंदोलन करना पड़ता है। इसलिए कांग्रेस ने की मांग है कि गन्ने के रेट में उचित बढ़ौतरी करते हुए सरकार समय पर भुगतान की व्यवस्था करे।

## अनिल विज ने अंबाला छावनी के शहीद स्मारक, बैंक स्क्वेयर एवं 12 क्रॉस रोड पर नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर जानी प्रगति

### विज ने शहीद स्मारक में निरीक्षण करते हुए आर्ट वर्क के कार्य का निरीक्षण किया और कार्य जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए





क्रास रोड पर नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मंत्री अनिल विज तथा (दाएं) बैंक स्क्वेयर में निर्माण कार्य का निरीक्षण करते कैबिनेट मंत्री अनिल विज।

अम्बाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के शहीद स्मारक, बैंक स्क्वेयर तथा 12 क्रास रोड पर नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति को चैक किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों व निर्माण एजैंसी के स्टाफ को कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। विज ने अंबाला छावनी के जीटी रोड पर निर्माणाधीन शहीद स्मारक का निरीक्षण करते हुए स्मारक की मुख्य आर्ट गैलरी में चल रहे आर्ट वर्क के कार्य को बारिकी से चैक किया। आर्ट गैलरी में इतिहास को विभिन्न तरीकों से रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जाना है जिसका उन्होंने अवलोकन किया और कारीगरों से जानकारी ली। निर्माण एजैंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि किस-किस गैलरी में किस-किस प्रकार से इतिहास किया यहां पर प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न वस्तुओं के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि जीटी रोड पर लगभग पांच सौ करोड़ रुपए की लागत से सन 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है।

#### स्मारक में विभिन्न हॉल में निरीक्षण कर कार्य की जानकारी ली

**कैबिनेट** मंत्री अनिल विज ने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि तेजी से निर्माण कार्य को पूरा किया जाए ताकि जल्द शहीद स्मारक का उद्घाटन किया जा सके। इससे पहले, उन्होंने शहीद स्मारक के प्रवेशद्वार, विभिन्न हॉल में निरीक्षण किया। उन्होंने स्मारक में आने-जाने वाले रास्तों, विभिन्न हॉल एवं अन्य प्रबंधों के बारे जानकारियां हासिल की। इसके अलावा, सभी हॉलों में ईमरजेंसी एग्जिट व फायर सेफ्टी सिस्टम व अन्य प्रबंधों का जायजा लिया। मेमोरियल टॉवर के निर्माण कार्य को भी पूरा करने संबंधी उन्होंने जानकारी ली। स्मारक में हॉरिटीकल्चर के कार्य को भी तेजी से करने के निर्देश दिए।

#### स्मारक में यह होगा आकर्षण का केंद्र

**इंटरप्रिटेशन** सैंटर : सैंटर में वीआईपी रूम, शॉप्स, बच्चों के खेलने के लिए एरिया, रिसेप्शन, टॉयलेट ब्लॉक, कोर्ट यार्ड, वीआईपी मीटिंग हॉल, कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल होगा।दो मंजिला म्यूजियम : म्यूजियम गैलरी, ऑडियो विजुअल हॉल, लॉबी, ऑफिस एरिया, शहीदी वॉल वीआईपी एंट्रेंस होगी।ओपन एयर थियेटर : 2 हजार लोगों के बैठने के लिए थियेटर, स्मारक में एग्जीबिशन हॉल, फूड कोर्ट, टॉयलेट ब्लॉक, रिर्हसल रूम, फिल्टरेशन रूम व अन्य सुविधाएं होंगी।

#### ऑडिटोरियम बिल्डिंग

ऑडिटोरियम के अलावा कॉफी शॉप, फूड कोर्ट, सीटिंग एरिया, लॉबी, कोर्ट यार्ड, लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी होगी।वॉटर बॉडीज : वॉटर बॉडीज में विभिन्न किस्म के फव्वारे, वॉटर स्क्रीन, कनेटिंग ब्रिज व अन्य सुविधा होगी।मेमोरियल टॉवर : डेढ़ सौ फुट से ऊंचा मेमोरियल टॉवर होगा, यहां आर्ट गैलरी, वॉटर बॉडी, हाई स्पीड लिफ्ट आदि होगी।अंडर ग्राऊंड पार्किंग : स्मारक में वाहन पार्किंग के लिए अंडर ग्राऊंड डबल बेसमेंट पार्किंग सुविधा होगी। यहां 400 कार के अलावा 20 बस खड़ी की जा सकेंगी। इसके अलावा स्टाफ के लिए 10 क्वार्टर भी यहां बनाए जाएंगे।

**अन्य सुविधाएं :** स्मारक में इन्फार्मेशन सैंटर होगी जहां दुकानें, सिक्योरिटी रूम, टिकट काऊंटर होगा। इसके अलावा यहां वीवीआईपी के आने-जाने के लिए हेलीपैड सुविधा भी होगी।

#### कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बैंक स्क्वेयर में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बैंक स्क्वेयर में निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य का जायजा लिया और मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के एमडी ओपी सिंह को निर्माण कार्य एवं अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए कारपोरेशन अधिकारियों व नगर परिषद अधिकारियों को विजिट करने के निर्देश दिए। ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने बैंक स्क्वेयर के विभिन्न फ्लोर पर जाकर कार्य की प्रगति को चैक किया तथा कहा कि कार्य को जल्द पूरा किया जाए ताकि मुख्य बाजार में बैंकों को यहां शिफ्ट किया जा सके। गौरतलब है कि बैंक स्क्वेयर में सदर बाजार के लगभग 35 बैंकों को शिफ्ट किया जाना है। उन्होंने बैंक स्क्वेयर में सुरक्षा एवं अन्य प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की।

#### 12 क्रास रोड पर नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने 12 क्रास रोड पर नाले के निर्माण कार्य का भी आज निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के स्टाफ को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले का निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाए ताकि क्षेत्र में पानी निकासी बेहतर हो सके।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का कुरुक्षेत्र में नागरिक अभिनंदन 25 नवंबर को

पिहोवा, नवंबर : क्षत्रीय राजपूत संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र द्वारा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का 25 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुरेश राणा ने बताया कि समारोह महाराणा प्रताप स्कूल सेक्टर सात में किया जायेगा। जिसमे कुरुक्षेत्र, कैथल,करनाल ,यमुनानगर व अम्बाला से भी राजपूत समाज के लोग आयेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में असन्ध के विधायक योगेंद्र राणा भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा राष्ट्र हित मे अनेक बार बलिदान दिया है।लेकिन राजनैतिक दलों ने उनके साथ सौतेला व्यवहार किया है। लेकिन सीएम नायब सैनी ने समाज के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया और श्याम सिंह राणा जैसे जमीन से जुड़े नेता को टिकट देकर व मंत्री बनाकर राजपूत समाज को मुख्य धारा से जोड़ा है।उसके लिये वे उनका धन्यवाद करते है। उन्होंनें समाज के सभी युवाओं से अपील करते हुये कहा कि वे स्वागत समारोह में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। उल्लेखनीय है कि पिछले करीब 4 वर्ष से राजपूत समाज अपनी उपेक्षा से नाराज होकर बीजेपी सरकार के खिलाफ उतर गया था।

# बिजली विभाग की विजिलेंस टीम के सदस्य बताकर आटा चक्की संचालक से 50 हजार रुपये ठगे

■ जालौन-उरई

बिजली विभाग की विजिलेंस टीम के सदस्य बताकर आटा चक्की संचालक से 50 हजार रुपये लेने और रसीद अब तक न देने की शिकायत पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर की है। पीड़ित ने मामले की जांच कराने की मांग की है।

सींगपुरा निवासी सरमन सिंह ने बताया कि उन्होंने अक्टूबर 2022 में आटा चक्की चलाने के लिए बिजली विभाग से कनेक्शन लिया था। करीब आठ माह पूर्व कुछ लोग उसके यहां आए और स्वयं को बिजली विभाग की विजिलेंस टीम का सदस्य बताकर कहा कि उसका कनेक्शन अवैध उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। काफी समझाने बुझाने और कनेक्शन की रशीद दिखाने पर वह 50 हजार रुपये यह कहकर ले गए कि उसका बिल देखकर समायोजन कर दिया जाएगा। तबसे अब तक उसे कोई रसीद नहीं दी गई। अभी चार माह पूर्व उक्त टीम पुनः आ धमकी और उस पर 25 हजार रुपये देने का दबाव बनाने लगे। जब उसने रुपये नहीं दिए तो देख लेने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने टीम के सदस्यों की जांच कराने और उसके द्वारा दिए गए रुपये की रसीद दिलाने की मांग डीएम से की है।

# भूमि विवाद निस्तारण के लिए पूर्व में गठित संयुक्त टीम तत्परता से करें निस्तारण- जिलाधिकारी

## डीएम व एसपी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

■ उरई




जालौन तहसील में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने फरियादियों की शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि मिले। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शिकायतों का समाधान करना न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है, बल्कि यह शासन की मंशा भी है। आज सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 39 शिकायते प्राप्त हुई है जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी व बिना पक्षपात के निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया, भूमि विबाद की प्राप्त शिकायतों पर तत्काल राजस्व व पुलिस की सयुंक्त टीम मौके पर जाकर तत्परता से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर हल किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ताओं को न्याय मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा समस्याओं के निस्तारण के लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है, उसका पालन अनिवार्य है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि समाधान का हर कदम पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने कहा कि न केवल समाधान होना चाहिए, बल्कि शिकायतकर्ता को भी निस्तारण से संतोष महसूस होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान प्रदान करना है। शासन के निर्देशानुसार, यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी समस्या का समाधान समय सीमा के भीतर हो और उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस से संबंधित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता और बिना किसी भेदभाव के किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कई शिकायतों का निस्तारण किया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्या, उप जिलाधिकारी न्यायिक विशेश्वर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आपसी सामंजस से होंगे संगठन के चुनाव- चुनाव अधिकारी



■ कोंच

भाजपा संगठन के मंडल चुनाव अधिकारी कालपी के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने जयप्रकाश नगर में वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेष सोनी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष समेत 12 लोगों की कमेटी रहेगी जिसमें एक प्रतिनिधि पन्ना प्रमुखों का भी होगा। उन्होंने कहा कि नगर अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। अगर किसी कारण से आम सहमति नहीं बन पाती है तो दावेदारों में से पैनल बनाकर प्रदेश में भेजा जाएगा और वहां से नाम पर फाइनल मोहर लगेगी। इस मौके पर नगर वीरेंद्र चमरसेना, महामंत्री आशुतोष मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेंद्र कुशवाहा, सुधीर सोनी, पुन्नी रिछारिया आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक



**उरई।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# नगर में निकाली गयी खाटू श्याम की निशान यात्रा

## सैकड़ो श्याम भक्त यात्रा में हुए शामिल





■ कोंच

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू श्याम की निशान यात्रा नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई।पागल श्याम प्रेमी परिवार के भक्तो ने जयप्रकाश नगर स्थित मुरली मनोहर मंदिर से यात्रा का शुभारंभ किया। विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अर्चना सिंह, प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन ने मुरली मनोहर भगवान और खाटू श्याम दरबार की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की शुरुआत की।आयोजन ने सभी का तिलक कर स्वागत किया पागल श्याम प्रेमी हांथों में बाबा खाटू श्याम का निशान झंडा थाम कर चल रहे थे। बैंड बाजों और डीजे की धुनों पर युवाओं के साथ साथ महिलाएं और युवतियां भी झूमकर नाचते गाते आगे बढ़ रही थीं। पुरानी स्टेट बैंक, नई स्टेट बैंक, चंदकुआं चौराहा, सागर चौकी तिराहा, रेलवे क्रासिंग होती हुई निशान शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल बड़ामील पहुंची जहाँ बाबा खाटू श्याम का भोग लगाकर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से डॉ आरबी जैन, बृजेश सिंह राजावत, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी, सपा अध्यक्ष और सभासद अमित यादव, भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल,पूर्व पालिकाध्यक्ष सरिता वर्मा,आनंद अग्रवाल, अर्चना सोनी, दीपा फुलैला, शिक्षिका संध्या निरंजन, मंजू पटेल, पिंकी देवी, , नेहा निरंजन, रंजना देवी, युवराज, अभिराज, आयुष्मान, पिंकू फुलैला, अमित रावत, विकास पटेल धनौरा, रवि मेडिकल, देवेन्द्र ठाकुर, रानू पटवा, सचिन जुझारपुरा, सभासद विनोद सोनी, चतुर्भुज चंदेरिया,अनिल कपूर, देवेन्द्र यादव, विकास पटेल पड़री सहित सैंकड़ों पागल श्याम प्रेमी शामिल रहे।

खाटू श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा की शुरुआत में मुरली मनोहर मंदिर में क्षत्रिय स्वर्णकार मुरली मनोहर समिति के अध्यक्ष चतुर्भुज चंदेरिया एवं सभासद विनोद सोनी ने विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अर्चना सिंह,प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष संजय सोनी,महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन शाल उढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# कृषि अधिकारी व एसडीएम ने खाद व बीज की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए

■ जालौन-उरई



खाद एवं बीज में मिलावट रोकने के लिए जिला कृषि अधिकारी व एसडीएम ने खाद व बीज की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार व एसडीएम विनय मौर्य के नेतृत्व में खाद व बीज की दुकानों पर निरीक्षण किया गया। इस समय जहां किसान खेतों में खाद लगा रहे हैं तो गेंहू, मटर और मसूर की बुआई भी चल रही है। बुआई का सीजन होने के चलते बाजार में बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की जमकर बिक्री हो रही है। ऐसे में बाजार में बिक्री किए जा रहे बीज में कम गुणवत्ता वाले और हल्के बीज की मिलावट की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा खाद की मांग को देखते हुए बाजार में मिलावटी खाद खपत किए जाने की आशंका है। किसानों को उनके दाम के अनुसार बीज उपलब्ध कराने और खाद में मिलावटखोरी रोकने के लिए नगर में अभियान चलाया गया। जिला कृषि अधिकारी और एसडीएम द्वारा चलाए गए अभियान में करीब एक दर्जन बीज और उर्वरक की दुकानों से सैंपल लिए गए। जिनमें गेंहू, मटर और मसूर के कुल 30 नमूने लिए गए और खाद के 10 नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसको लेकर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से बीज, और उर्वरक के विक्रेताओं की दुकान एवं भंडार स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही भंडारित व विक्रय किए जा रहे बीज, उर्वरक की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लेकर प्रयोगशाला में भिजवाए जा रहे हैं। यदि नमूने फेल होते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम व एसपी ने गल्ला मंडी जालौन में धान विक्रय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने नवीन गल्ला मंडी जालौन में धान विक्रय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में धान की आवक को लेकर आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि किसानों को कोई परेशानी न हो।जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा लाया जा रहा धान ट्रैक्टर-ट्रॉली में व्यवस्थित ढंग से मंडी तक पहुंचाया जाए ताकि किसी भी स्तर पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए उन्होंने नेफ़ेड का गोदाम खोलने का निर्देश दिया, ताकि धान की आवक सुचारू रूप से हो सके और 80 से 100 ट्रैक्टर आसानी से वहाँ ख़रीद करा सके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मण्डी में सड़क किनारे खड़े चलान शुदा वाहनों को लेकर भी एआरटीओ को निर्देशित किया कि उन्हें खाली स्थान पर खड़ा किया जाए ताकि धान की आवक में कोई रुकावट न होने आए। ज्ञात हो कि इस वर्ष जनपद में 22 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान की बुवाई की गई है, जबकि पिछले वर्षों में यह आंकड़ा केवल 500 हेक्टेयर तक ही सीमित था। वर्तमान में नवीन गल्ला मंडी में 18 से 20 हजार क्विंटल धान की प्रतिदिन आवक हो रही है। जबकि जालौन मंडी सी श्रेणी की मंडी है ।जिलाधिकारी ने इस स्थिति को देखते हुए उरई में एक नया क्रय केंद्रअतिरिक्त रूप से स्थापित करने का निर्देश दिया ताकि किसानों को अधिकतम सुविधा प्राप्त हो सके।मंडी से लगे मैदान पर ख़ाली ट्रैक्टर आदि को सुचारुरूप से संचालित करने हेतु वहाँ पर मैदान की सुदृढ़ता के निर्देश दिये गये । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य व मंडी सचिव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

■ कोंच




तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे फ़रियादियों ने उपस्थित होकर अपनी अपनी शिकायतें दर्ज करायी। अलग-अलग विभागों से जुड़ी 21 शिकायतों में से मौके पर मात्र 1 शिकायत का ही निस्तारण हो सका।

एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और सीओ अर्चना सिंह, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में तमाम विभागों से संबंधित अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए फरियादियों ने कार्यवाही किए जाने की मांग की। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से दो टूक शब्दो में कहा कि पूरी गंभीरता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का अविलंब निस्तारण करें। सीओ ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सभी विभागों के स्थानीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौशालाओं की गायें किसानों को दी जाएगी- श्याम जी

■ कोंच



गो सेवा आयोग के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता श्याम जी ने कहा कि किसान को गो आधारित खेती की ओर लौटना होगा तभी हम अपने परिवार के लोगों की थाली में जहर मुक्त भोजन दे पाएंगे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोशालाओं में संरक्षित गायों को किसानों को देने की योजना पर सरकार आगे बढ़ रही है। गाय के भोजन के लिए पंद्रह सौ रुपए प्रति गाय के हिसाब से उक्त किसान को पैसा दिया जाएगा। कोंच की कान्हा गोशाला से चार गायें किसानों को दी गई हैं, यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। यह बात उन्होंने कान्हा गोशाला के निरीक्षण के बाद यहां कृषक जयप्रकाश सोनी महेशपुरा वाले के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कही।

दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम जी गुप्ता ने कोंच की कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री की निराश्रित सहभागिता योजना के तहत चार गायें किसानों को देकर योजना की औपचारिक शुरुआत की। फिलहाल, गोशाला की व्यवस्थाएं उन्हें ठीक-ठाक मिलीं। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, प्रदेश में दो करोड़ अठहत्तर लाख किसान हैं जबकि प्रदेश की गोशालाओं में करीब दो करोड़ गोवंश संरक्षित हैं। इस लिहाज से अगर एक किसान एक ही गोवंश पालने की जिम्मेदारी संभाल ले तो गायों को गोशालाओं में संरक्षित करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। इन गोवंशों को पालने के लिए सरकार पैसा भी दे रही है। इस स्थिति में किसान के लिए यह बेहद लाभकारी होगा क्योंकि जब वह गो आधारित खेती अपनाएगा तो उसके खेतों की उर्वरा शक्ति तो बढ़ेगी ही, अपने बच्चों को वह बिष मुक्त भोजन भी दे पाएगा, क्योंकि खेतों में केमीकल डाल डाल कर किसानों ने उसे जहरीला बना दिया है जिसके कारण कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से लोगों को घेर रहीं हैं।

उन्होंने एक किसान एक गाय, गो आधारित प्राकृतिक खेती अपनाओ, स्वस्थ्य जीवन पाओ, के नारों के साथ किसानों को गाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा बुंदेलखंड को गो आधारित खेती और मिलेट्स का हब बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में बुंदेलखंड समृद्ध क्षेत्र बनकर सारी दुनिया के लिए मॉडल बनेगा। देश में एक करोड़ किसानों के लिए गो आधारित खेती का बजट इस साल दिया गया है।

इस दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेष सोनी, सुधीर सोनी, सुनील श्रीवास्तव, संजय रेजा, पुन्नी रिछारिया, बृजेंद्र कुशवाहा, आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे। गुरुवार देर शाम अपने ऑफीसियल दौरे पर कोंच पहुंचे गो सेवा आयोग अध्यक्ष को लोगों ने उन्हें हाथों हाथ लिया, उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जयप्रकाश सोनी महेशपुरा वाले, विजय गुप्ता करई वाले, अभिषेक रिछारिया,आदि के आवासों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।इस मौके पर राजीव गुप्ता देवगाँव, कल्ले राठौर, सुधीर सोनी आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने विभिन्न विभागों में अच्छा काम करने वाली 14 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

■ जालौन-उरई

मिशन शक्ति कार्यक्रम के सरकारी सेवाओं में रहते हुए अच्छा काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील सभागार में अच्छा काम करने के लिए विभिन्न विभागों में अच्छा काम करने वाली 14 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यो की सराहना करते हुए और बेहतर कार्य करने की सलाह दी।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में विभिन्न विभागों में काम करने वाली महिलाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया जा रहा है। आज तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न विभागों में अच्छा काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया तथा उनके साथ फोटो खिंचवायी। जिलाधिकारी से सम्मान पाकर व उनके साथ बातचीत कर फोटो खिंचवाकर महिलाओं को गौरवान्वित होने का मौका मिला। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बी ई ओ प्रीति राजपूत, होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डां गीतांजली, शिक्षिका पदमा, पूजा विश्वकर्मा, लेखपाल सुधा अग्रवाल, शिंकी भास्कर, पूजा राजपूत, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर कुसुमलता, स्टाफ नर्स दीप्ति वर्मा, रेनू चौहान, पुलिस कांस्टेबल रेनू, आंगनबाड़ी सरिता कनोजिया, मधुर देवी कार्यकत्री सुमन द्विवेदी, मालती वर्मा को सम्मानित किया गया।

## वारंटी गिरफ्तार

**उरई।** थाना डकोर पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 149/2024 धारा- 352/351(2)(3) बी.एन.एस. व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना डकोर से संबन्धित वांछित अभियुक्त शिवपाल पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम मुहाना थाना डकोर जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई ।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई ने बेटे को उत्तराधिकारी चुना



**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को अपनी जिम्मेदारी सौंप दी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। न्यूज एजेंसी AP की रिपोर्ट के मुताबिक 85 साल के खामेनेई बीमार चल रहे हैं। ऐसे में अपनी मौत से पहले शांतिपूर्वक पावर ट्रांसफर के लिए खामेनेई ने अपने बेटे को सारी जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितंबर को नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खुद खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गुप्त रूप से उत्तराधिकारी का फैसला लेने कहा था। असेंबली ने सर्वसम्मति से मोजतबा खामेनेई के नाम पर सहमति जताई थी।

**दो साल से चल रही थी तैयारी:** मुजतबा खामेनेई को पिछले दो सालों से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारियां चल रही थी। इस दौरान ईरान के लिए जरूरी फैसलों में लगातार उनकी भागीदारी बढ़ती देखी गई है। हालांकि मुजतबा इससे पहले ईरान की सरकार में कोई भी अधिकारिक पद पर नहीं रहे है।

### चीन में छात्र का भीड़ पर हमला, 8 की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वी शहर यीशिंग में शनिवार को एक कॉलेज कैंपस में 21 साल के छात्र ने भीड़ पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह घटना वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी में शाम करीब 6:30 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हाल ही में ग्रेजुएट होने वाला था। लेकिन वो परीक्षा में फेल हो गया। इसके अलावा इंटर्नशिप में कम वेतन मिलने के चलते भी छात्र नाखुश था। झुंझलाहट में उसने लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। मामले की जांच जारी है। 11 नवंबर को चीन के झुहाई शहर में 62 साल के एक बुजुर्ग ने कार से कई लोगों को कुचल दिया।

जनसभा



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड के गिरिडीह के गांडेय विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवार मुनिया देवी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया।

घर पर मौजूद नहीं थे प्रधानमंत्री नेत्नयाहू

# इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर पर फिर से हमला

### घर के आंगन में गिरे आग के दो गोले

एजेंसी, तेल अबीब

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सीजेरिया स्थित घर पर फिर से हमला हुआ है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, प्रधानमंत्री के घर की तरफ 2 फ्लेयर्स ( आग के गोले ) दागे गए, जो घर के आंगन में गिरे। इजराइली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हमला कहां से हुआ और किसने किया, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिली है। इजराइली सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बयान में कहा कि इस घटना में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सिक्योरिटी एजेंसी ने यह भी कहा कि हमले के वक्त नेतन्याहू और उनका परिवार परिवार घर पर नहीं था। उन्होंने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 19 अक्टूबर को नेतन्याहू के घर पर हिजबुल्लाह ने हमला किया था। तब एक ड्रोन नेतन्याहू के घर के पास एक इमारत पर गिरा। कोई हताहत नहीं हुआ था। उस समय भी नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। इजराइली प्रधानमंत्री के घर पर हुए



इस हमले की सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की है। विपक्षी नेता यायर लैपिड और बेनी गेंट्ज ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सोशल मीडिया पर कहा कि हद पार कर ली गई है। सुरक्षा एजेंसिया तत्काल इस मामले में एक्शन लें।

### ड्रोन में भरा विस्फोटक घातक साबित हो सकता है

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इजराइल को लंबी दूरी की मिसाइल को नाकाम करने में ज्यादा मुश्किल नहीं आती। लेकिन कम दूरी के रॉकेट या फिर ड्रोन को पकड़ने में सुरक्षा सिस्टम नाकाम साबित हो रहा है। पिछली बार जब नेतन्याहू के घर पर ड्रोन से हमला हुआ था, तब सिर्फ एक ड्रोन को मार गिराने के लिए इजराइल को चार लड़ाकू विमान और एक मिसाइल छोड़ने पड़े थे। सुरक्षा विशेषज्ञ लिरन एंटेबी ने कहा कि ड्रोन काफी कम ऊंचाई पर उड़ता है। उस वक्त उसे निशाना बनाना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि उसमें विस्फोटक भरे होते हैं। इससे घरों और लोगों को नुकसान हो सकता है।

# कांग्रेस और केजरीवाल ने मक्खियों के छत्ते में हाथ डाला



केजरीवाल हार की आशंका से घबराए हुए हैं, इसलिए कांग्रेस के दलित और मुस्लिम नेताओं को तोड़ रहे हैं।

अजय सेतिया

की कलम से



चुनाव महाराष्ट्र और झारखंड में हो रहे हैं। लेकिन घमासान दिल्ली में चल रहा है। जबकि दिल्ली में चुनाव अगले साल फरवरी में हैं। केजरीवाल हार की आशंका से घबराए हुए हैं, इसलिए कांग्रेस के दलित और मुस्लिम नेताओं को तोड़ रहे हैं। कांग्रेस भी आम आदमी पार्टी के दलित बताओं को तोड़ने में लगी हुई है। केजरीवाल ने आज कांग्रेस का एक ऐसा नेता तोड़ा, और उसे महान नेता और महान समाज सेवक बताया, जो पिछली दो बार से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार राजेन्द्र पाल गौतम से हार गए थे। गौतम क्योंकि कांग्रेस में चले गए हैं, इसलिए केजरीवाल उनसे हारने वाले वीर सिंह धीमान को आम आदमी पार्टी में ले आए। लेकिन जैसे ही केजरीवाल ने धीमान की तारीफों के पुल बांधी, स्वाती मालीवाल ने केजरीवाल की पुंगी बजाते हुए कहा कि यह वही वही राशन माफिया है, जिसके खिलाफ केजरीवाल ने खुद 2004 से 2011 के दौरान न जाने कितने धरने दिए थे। तो चोर चोर मौसेरे भाई हो गए। स्वाती मालीवाल ने धीमान को नहीं केजरीवाल को नंगा किया है। स्वाती मालीवाल ने केजरीवाल को बता दिया है, कि उन्होंने उससे पंगा लेकर मक्खियों के छते में हाथ डाला है। पर उधर महाराष्ट्र में कांग्रेस ने मक्खियों के छते में हाथ डाल दिया है। जहां भारतीय जनता पार्टी बंटोगे, तो कटोगे के नारे पर चुनाव लड रही है, हालांकि इस नारे पर महायुती और भाजपा खुद बंट गई है। लेकिन हिन्दूओं के एकजुट होने की आशंका को देखते हुए मुस्लिम नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आल इंडिया पर्सनल ला बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नोमानी ने कह दिया है कि जो मुसलमान भाजपा को वोट देगा, उसका हुक्का पानी बंद कर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि मुस्लिम नेताओं ने भी मुस्लिमों को कह दिया है कि बंटोगे, तो कटोगे। इतना ही नहीं उन्होंने महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में भी नरेंद्र मोदी का तख्ता पलटने का एलान किया है। यह मुसलमानों का वोट जेहाद तो है ही। भारत को शरिया पर आधारित दारुल इस्लाम देश बनाने का एजेंडा भी है। वह कहना यह चाहते हैं कि इंडी एलायंस की मदद से मोदी का तख्ता पलट देंगे और भारत के संविधान को बदल कर शरिया क़ानून लागू करेंगे। अब जो राजनीतिक दल संविधान की रक्षा करने के दावे करते हैं। उन्हें सत्ता में पहुँचाने वाले संविधान को कूड़ेदान में डाल कर देश पर इस्लामिक संविधान लागू करने की बात कर रहे हैं। मौलाना नोमानी के बयान के बाद से भाजपा-कांग्रेस में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जंग तेज हो गई है। वैसे अगर इसके जवाब में योगी का बंटोगे, तो कटोगे वाला नारा चल निकला, तो महा विकास अघाडी को मुश्किल होगी, क्योंकि नोमानी ने भले ही 269 सीटों के लिए फतवा जारी किया है। लेकिन मुसलमान 288 में से सिर्फ 38 सीटों को प्रभावित करते हैं। नोमानी के बयानों ने महाविकास आघाड़ी को बड़ी मुश्किल में डाल दिया है। मुसलमानों की एकजुटता के जवाब में हिन्दू एकजुट हो गए, तो अजीत पवार के बिना ही भाजपा-शिवसेना को बहुमत मिल जाएगा। इसलिए कांग्रेस अब नोमानी के बयानों से पीछा छुडाना चाहती है। क्योंकि 2017 में सुप्रीमकोर्ट ने एक फैसला दिया था, उस फैसले में कहा गया था कि कोई भी धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर वोट नहीं मांग सकता। इस फैसले में अहम बात यह कि सुप्रीमकोर्ट ने यह नियम सिर्फ उम्मीदवारों पर लागू नहीं किया था। यह फैसला अन्य नेताओं, चुनाव एजेंट और धर्म गुरुओं पर भी लागू होगा। कोर्ट ने यह फैसला जन प्रतिनिधित्व क़ानून की धारा 123-3 के अंतर्गत दिया था। चुनाव आयोग चुनाव भी रद्द कर सकता है। सुप्रीमकोर्ट का यह फैसला सात जजों की बेंच का है। फैसले में कहा गया था कि वोटरों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील करना गैर कानूनी है। और मजेदार बात यह है कि यह फैसला महाराष्ट्र से ही जुडा है। 1987 में उद्धव ठाकरे के पिता बाल ठाकरे ने एक चुनावी भाषण में सांप्रदायिक आधार पर वोट माँगा था। बाल ठाकरे ने हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगे थे। मुम्बई हाईकोर्ट ने बाल ठाकरे के खिलाफ फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने भाजपा और शिवसेना के दस उम्मीदवारों का चुनाव रद्द कर दिया था। हालांकि सुप्रीमकोर्ट ने 1995 में वह फैसला पलट दिया था। सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि हिन्दू शब्द सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है, यह जीवन पद्धति है। बाद में 2017 में सुप्रीमकोर्ट की सात सदसीय बेंच ने धर्म की व्याख्या करते हुए धर्म, संप्रदाय, जाति, भाषा के नाम पर वोट मांगने को भ्रष्ट आचरण माना था। यह अलग बात है कि उद्धव ठाकरे अब अपने पिता की विचारधारा के खिलाफ उन्हीं मुसलमानों से वोट मांग रहे हैं, जिनके खिलाफ उनके पिता बाल ठाकरे ने हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगे थे और मुसलमानों को देश के लीरे कैंसर बताया था। सुप्रीमकोर्ट का 2017 का फैसला नोमानी की अपील पर लागू होने वाला फिट मामला है। नोमानी ने जिन उम्मीदवारों के पक्ष में वोट देने की अपील की है, उनका चुनाव रद्द हो सकता है। चुनाव आयोग ही चुनाव रद्द करने में सक्षम है। इसलिए पी.चिदंबरम ने तुरंत प्रेस कांफ्रेंस कर के कहा है कि हम सांप्रदायिक आधार पर वोट देने की अपील का विरोध करते हैं। पवन खेडा ने भी तुरंत कहा कि कांग्रेस मौलाना नोमानी के बयान का समर्थन नहीं करते, लोकतंत्र में देश के हर नागरिक को वोट देने की आजादी है। यह मामला चुनाव आयोग के पास पहुंच चुका है, इसलिए कांग्रेस डरी हुई है कि कहीं चुनावों से पहले ही चुनाव आयोग कार्रवाई न कर दे।

चार सदस्यी कमेटी का गठन

## झांसी अग्निकांड: घटना पर योगी सरकार सख्त, सात दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट

एजेंसी झांसी

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में आग लगने के मामले में शासन ने कमेटी गठित कर दी है। कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट देनी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में आग लगने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की तस्दीक की। दोपहर बाद चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यी कमेटी का गठन कर दी गई है। इस कमेटी में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (स्वास्थ्य),अपर निदेशक विद्युत एवं अग्निशमन महानिदेशक की ओर से नामित अधिकारी को शामिल किया गया है। कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। यह कमेटी आग लगने के कारणों, किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई है तो दोष की पहचान करेगी।

### दोषी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती बच्चों के उपचार के पुख्ता इंतजाम किएगए हैं। पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी की रिपोर्ट कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

– ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

### 10 बच्चों की हो गई थी मौत

महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक है। इस अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग में जलकर 10 बच्चों की मौत हो गई।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए एक अरब पेड़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत अब तक एक अरब पेड़ लगाए जा चुके हैं। शनिवार को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट करके कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एक बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। शनिवार को इस अभियान के तहत 1 अरब पेड़ लगाए जा चुके हैं। 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' के नाम अभियान एक बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि हरित भारत के निर्माण की दिशा में अभियान की आश्चर्यजनक सफलता दर्शाती है कि हम अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी दोनों पर प्रगति के लिए कैसे दृढ़ हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस अभियान में लाखों भारतीयों की जनभागीदारी दर्शाती है कि भारत प्रकृति के साथ एकता के सिद्धांत से कैसे जीता है।

तीन लोगों के शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूटा

## मणिपुर: जिरीबाम में सड़क पर उतरे लोग मंत्रियों-विधायकों के घरों की घेराबंदी की

एजेंसी इंफाल

जिरीबाम में तीन लोगों के शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए और मणिपुर सरकार के दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों की घेराबंदी की। इस दौरान घर के बाहर जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद इंफाल पश्चिम प्रशासन ने अनिश्चितकाल के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। वहीं शनिवार शाम को पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट टीएच किरण कुमार के आदेश पर जिले में




कर्फ्यू लगा दिया गया। सबसे पहले प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने लामफेल सनाकेथेल इलाके में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सापम रंजन के आवास पर धावा बोला। यहां पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद लामफेल सनाकेथेल विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि डेविड ने बताया कि मंत्री सापम ने आश्वासन दिया कि तीन लोगों के शव मिलने के मुद्दे पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा

## देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की भूमिका महत्वपूर्ण



एजेंसी नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लेखा परीक्षा (ऑडिट) का कार्य अपने आप में समावेशी है। किसी विभाग की कार्य कुशलता, दक्षता और कार्योत्पादकता बढ़ाने में यह मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। ऐसे में देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की लेखा परीक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, "दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। बिरला ने कहा कि सीएजी हमारी लोकतांत्रिक संरचना का प्रमुख भाग है।

आग से बचाव व नियंत्रण को लेकर भारत में जागरूकता की काफी कमी

# शुरुआती आग को रोकने में प्रभावी है 'फायर बॉल'

सुदेश गौड़

झाँसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से इस दुनिया को एक नजर भर देख लेने से पहले ही अनेक नवजात शिशुओं की हृदय विदारक मौत ने हर किसी का दिल दहला दिया है। ईश्वर का शुक्र है कि सेना के जवानों ने तत्काल खिड़की तोड़कर बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं को सुरक्षित बचा लिया वरना यह संख्या और भी ज्यादा भयावह होती।

आग से बचने और उसे नियंत्रित करने के आज के युग में अनेक उपाय उपलब्ध हैं। आग लगने पर चेतावनी देने वाले अलार्म और अग्नि शामक यंत्र तो बाजार में उपलब्ध ही है पर मानवीय लापरवाहियों व चूक के कारण यह भी समय पर काम नहीं करते और झांसी मेडिकल कॉलेज में भी प्रथम दृष्टया ऐसा ही हुआ था। आग बुझाने के लिए एक और चीज होती है जिसे 'फायर बॉल' के नाम से जाना जाता है। मर्चेंट नेवी में लंबी समुद्री यात्राएं करने वाले राहुल गौड़ बताते हैं कि जहाज़ों पर आग का ख़तरा बहुत ज़्यादा होता है, इसलिए रात में हर 4 घंटे में फ़ायर राउंड लगाया जाता है कि कहीं शॉर्ट सर्किट से आग तो नहीं लगी। वैसे तो बहुत सारे फायरफाइटिंग इक्विपमेंट होते हैं जहाज़ पर जिसके द्वारा आग पर क़ाबू पाया जाता है। लेकिन आपको इस फ़ायर बॉल के बारे में बताना चाहूँगा, ये ऐसी बॉल है जो आग डिटेक्ट करते ही फट जाती है और वहाँ सुलगती आग को अपने आप बुझा देती है। सबसे खास बात यह है कि इसके लिए घटनास्थल पर किसी भी व्यक्ति का होना ज़रूरी नहीं होता है। दीवार या जमीन पर विशेष स्टैंड पर लगाए जाने वाला फायर बॉल एक निश्चित तापमान को महसूस करते ही फट जाता है और अंदर मौजूद पाउडर आग बुझा देता है। वे कहते हैं कि ऐसी बॉल को हम किसी भी जगह रख सकते हैं जहाँ आग का जरा भी ख़तरा हो। जहाज़ पर ये सभी केबिन से लेकर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट रूम तक में रखे जाते हैं, जिससे आग लगने की दुर्घटना होने पर फट कर तुरंत आग बुझा दें। ऐसा कर के जान माल के नुक़सान को बचाया जा सकता है। वे बताते हैं कि अभी भी आग से बचाव व नियंत्रण को लेकर भारत में जागरूकता की काफी कमी है। फायर बॉल कोई भी ख़रीद कर अपने घर मकान, दुकान, ऑफिस, मतलब जहाँ भी आग का ख़तरा हो, वहाँ रख सकते हैं। इस प्रोडक्ट का आविष्कार जरूर विदेश में हुआ था पर अब भारत में ही इसका भरपूर उत्पादन किया जाता है। भारत का ही प्रोडक्ट होने के कारण है यह आसानी से मिल जाता है और ज्यादा महँगा भी नहीं होता है। यह आग बुझाने में कारगर है। कहीं आग लगी हो तो वहाँ इस बॉल को फेंक दीजिए, फटते ही आग बुझ जाएगी। किसी भी बड़ी दुर्घटना से बचाने में सक्षम है।




### थाईलैंड में हुआ था अविष्कार

फायर बॉल का आविष्कार थाईलैंड में फनवतन कैमार्ट ने 1997 में किया था। कैमार्ट को थाईलैंड के पटाया में रॉयल जोमटियन होटल में आग लगने के बाद बॉल बनाने की प्रेरणा मिली थी। वह एक ऐसी स्वचालित प्रणाली विकसित करना चाहते थे जो फैलने से पहले ही आग को बुझा सके। फायर बॉल एक हल्की, 6 इंच व्यास वाली बॉल होती है जिसका वजन लगभग 1.5 किलोग्राम है। लपटों द्वारा सक्रिय होने पर, यह आग को जल्दी से बुझाने के लिए विशेष बुझाने वाले रसायनों को छोड़ती है। फायर बॉल को संभालना आसान है, यह पर्यावरण के अनुकूल है और इसे न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है।

### कैसे काम करता है फायरबॉल

फायरबॉल अग्निशामक यंत्र में मुख्य रसायन मोनोअमोनियम फॉस्फेट होता है, जो बारीक पिसा हुआ, पीला पाउडर होता है और टैल्कम पाउडर जैसा दिखता है। जब आग में फेंका जाता है, तो फायरबॉल फट जाता है और पाउडर निकलता है, जो आग के ईंधन, ऑक्सीजन और ऊष्मा तत्वों को अलग कर देता है, जिससे आग बुझ जाती है।

### कैसे उपयोग करें इसका

आग के प्रकार की पहचान करने के बाद, सही फायर बॉल चुननी होती है। फायर बॉल अलग-अलग आकार और प्रकार की होती हैं, और स्थिति के हिसाब से सही फायर बॉल चुनना ज़रूरी है। उदाहरण के लिए, एक छोटी फायर बॉल कार में इस्तेमाल के लिए आदर्श होती है, जबकि एक बड़ी फायर बॉल कमरे में इस्तेमाल के लिए उपयुक्त होती है।फायर बॉल को सक्रिय करने के लिए, बस इसे सीधे आग में फेंक दें। जब यह आग की लपटों के संपर्क में आएगी तो बॉल अपने आप सक्रिय हो जाएगी। इसके लिए किसी बाहरी बिजली स्रोत की ज़रूरत नहीं होती है, और यह तुरंत काम करती है। फायर बॉल को सक्रिय करने के बाद, तुरंत क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए और किसी भी जहरीले धुएं को अंदर लेने से बचना चाहिए। अग्नि सुरक्षा के लिए फायर बॉल का उपयोग करना छोटी आग को नियंत्रित करने का एक प्रभावी और कुशल तरीका है।

# गदहा मनुष्य मायावी : इच्छानिरोधस्तपः

## वर्ष 2 : वज्रपात- 33





शाहीन सबा

**गतांक से आगे-** गत दो अंकों में गधी के दूध पर हुए प्रश्नों के उत्तर वा क्रम में दो बातें कहते हुए आगे बढ़ना चाहूँगा- पीछे, प्रसंगावधान से मेरे गाँव के, बचपन के प्रयोगधर्मी मित्रों का उल्लेख हुआ है। उन दिनों हमारे उस पूरे क्षेत्र में दूर-दूर तक गाँव ही फैले हुए थे। शहर का दूर-दूर तक अता-पता न था। उन दिनों राज्य हो वा केन्द्र, दोनों में- साम्प्रतिक अर्थों में सजग, दूरदर्शी व विकास-प्रिय सरकारें भी नहीं थीं, तो प्रातः प्रायः सारा गाँव दिशा-मैदान के लिए बाहर, माने- खेतों की ओर, गाँव की ओर (में) आती-जाती-घूमती सड़कों की ओर निकल जाया करता था। महिलाएँ प्रायः गाँव के कुछ निकट, कुछ अति-निकट, तो पुरुष कुछ दूर, कुछ-कुछ अति दूर निकल जाया करते थे। गाँव की चारों दिशाओं में, सम्पूर्ण 360ए वृत्त में, प्रातः समय बहुत हलचल हुआ करती थी। सारगर्भित अर्थ में, दिशा-मैदान (?) अत्यन्त जीवन्त हुआ करता था। अतः प्रयोगधर्मी मित्र प्रायः कहते न चूकते कि सूर्य अपनी तेज और तपीश के साथ प्रातः हमारे गाँव की चारों दिशाओं में बिखर जाता है। या, कहते कि भाइयो! आगे नहीं, नीचे देखकर चलना, अपने ग्रामवासियों ने सब ओर गेन्दा फूल बिखेर रखे हैं। और, फूलों को (पर) कु-चलना अच्छी बात नहीं होती। या, कहते कि देखना नीचे आग है, कहीं पैर न जल जाय। ठहाकों के साथ प्रयोगधर्मी मित्रों का जत्था कु-चलने के भय से आँखें-अपलक भूमि से चिपकाए चलता। उन दिनों गाँवों का अस्तित्व दो बातों से, दूर ही से हो जाया करता था- गाँव के ऊपर चूल्हों से निकल कर आकाश में फैल जानेवाला धुँआ और चारों दिशाओं में बिखरे पड़े वा बिखेरे गये गेन्दा फूलों की, नासिकारन्ध्रों को एकान्तर रूप से श्वास-प्रश्वास रोकने के लिए विवश करने वाली गन्ध। मार्के की बात है कि आज वह परिस्थिति पर्याप्त रूप में बदल चुकी है। इस परिवर्तन के नाना कारण एवम् कारक हैं।

अस्तु, दिशा-मैदान के उपर्युल्लिखित पूरे प्रसंग में प्रयोगधर्मी मित्रों की बात प्रमुख है, उसी में पाठकीय-प्रतिपोषणाधारित प्रश्नों के उत्तर निहित हैं, यह कि मित्रगण खेतों में अत्यन्त दूर पहुँच जाया करते और बिना चूके प्रयोगोचित दरारों वाले स्थानों का ही चयन करते। और, उचित अनुसन्धानोपरान्त सन्धान करके गेन्दा फूलों का विसर्जन ठीक-ठीक उन्हीं दरारों में कर दिया करते। यह कर्म करते हुए भी एक कर्तव्यबोध प्रायः जागृत रहता कि किसी को नीचे देखकर, भूमि में दृष्टि गड़ाये न चलना पड़े और कु-चलने का भय दूरातिदूर पहुँचकर ही सही, न गया तो प्रयोगधर्मिता व संवेदनशीलता पर धिक्कार है। तो, दरारों के बीच गेन्दा-फूल छोड़ने में जो भाव व अनुसन्धानात्मक प्रयोगधर्मिता है, उससे मैंने यह सीखने का प्रयास किया कि अपने लेखन में भी प्रयोगधर्मिता का कुछ-कुछ ऐसा पालन-पोषण करूँ कि वाक् व शिल्प स्वयमेव पाठकों को सहृदयी बनाकर सम्पूर्ण वस्तु के दृश्यादृश्य पक्षों की रसमय यात्रा कराने की भूमिका का निर्वहन करे। और, यह विश्वास जो कि अनेकानेक लेखकों को पढ़ते-समझते हुए विकसित हुआ है कि लेखक दो पङ्क्तियों (दरारों) के बीच जो बहुत-कुछ 'छोड़' (वि-सर्जित कर) देता है, सुधी-सुहृदयी येनकेन-प्रकारेण वा यथासुविधा वा यथामति-गति उसे पकड़ ही लेता है।

प्रश्नों के उत्तर-क्रम में दूसरी बात यह है कि अब गाँव में कुछ-कुछ शहरी वा नगरीपन (नागरी नहीं!) फैल गया है। बाज़ार अपनी गहरी पैठ बनाते हुए अपने नाना रूपों में गाँव की दहलीज़ एवम् द्वार-द्वार तक ही नहीं पहुँचा है, अपितु घरों में घुसपैठ कर चुका है। गधी के दूध का गाँव में बेचा जाना बाज़ार की विलक्षण दृष्टि का परिचायक है। जानिए कि अन्ततोगत्वा वह उपभोक्ता खोजने में सफल हो रहा है, अन्यथा वह ले लो... ले लो... की पुकार के साथ बारम्बार गाँवों में क्योंकर पहुँच जाता? मैं जब यह लिख रहा हूँ, जैनेन्द्र का 'बाज़ार-दर्शन' स्मरण आ रहा है। उन्होंने अकारण ही नहीं लिखा है- बाज़ार है कि शैतान का जाल? इसी निबन्ध के अन्त में उन्होंने जो लिखा, वह बाज़ार-केन्द्रित कई प्रश्नों के उत्तर देता है, अतः उसका पारायण यहाँ युक्तियुक्त है- बाज़ार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है, जो जानता है कि वह क्या चाहता है और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी पर्चेजिंग पावर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति-शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वह बाज़ार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं। जिसका मतलब है कि कपट बढ़ाते हैं। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी। इस सद्भाव के ह्रास पर आदमी आपस में भाई-भाई और सुहृद और पड़ोसी फिर रह ही नहीं जाते हैं और आपस में कोरे ग्राहक और बेचक की तरह व्यवहार करते हैं। मानो एक-दूसरे को ठगने की घात में हों। एक की हानि में दूसरे को अपना लाभ दीखता है और यह बाजार का, बल्कि इतिहास का, सत्य माना जाता है। ऐसे बाज़ार को बीच में लेकर लोगों में आवश्यकताओं का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि शोषण होने लगता है। तब कपट सफल होता है, निष्कपट शिकार होता है। ऐसे बाज़ार मानवता के लिए विडम्बना हैं और जो ऐसे बाज़ार का पोषण करता है, जो उसका शास्त्र बना हुआ है, वह अर्थ-शास्त्र सरासर औंधा है। वह मायावी (कैपिटलिस्टिक) शास्त्र है। वह अर्थ-शास्त्र अनीति-शास्त्र है। जानिए कि परस्पर सद्भाव ही मुक्ति-मार्ग का सेतु बन सकता है। यदि बाज़ार का बाज़ारूपन व्यक्ति के चरित्र में अन्तरित हो जाय, तो 'ठगने की घात' और केवल लाभार्जन की प्रवृत्ति फूलेगी-फलेगी। बाज़ार की विशेषता है कि वह मनुष्य का मायावीकरण करता है। हमें मायावी मनुष्यों से बचने का सतत उपाय करते रहना चाहिए।

इसी उत्तर-क्रम में, अज्ञेय-लिखित 'चौथा सप्तक' की भूमिका का अंश उद्धरणीय है- मञ्च पर हम नाटक देखते हैं, तो उसमें आनेवाला प्रत्येक चरित्र वक्ता होता है, उत्तम पुरुष में अपना वक्तव्य देता है, प्रतिश्रुत और प्रतिबद्ध होता है; हमारे सामने अभिनेता होता है, लेकिन हम देखते हैं तो अभिनेता को नहीं, उसके माध्यम से प्रस्तुत होते हुए चरित्र को। हम यह कभी नहीं भूलते कि हमारे सामने एक अभिनेता है, लेकिन फिर भी देखते हैं हम चरित्र को ही। अभिनेता कहता है 'मैं' लेकिन वह 'मैं' हमारे लिए चरित्र के वक्तव्य का स्वर होता है। पाठकीय प्रतिक्रियाओं में जो प्रश्न उपस्थित हुए हैं, उनके उत्तर उक्त कथन में अन्तर्निहित हैं। सार्थकता इसी में है कि 'चरित्र को ही' देखा जाय। वैसे, 'वक्तव्य का स्वर विषय-वस्तु को प्रायः उद्घाटित करता है। सम्भव है कि वज्रपातों की विषय-वस्तु में कठिनाई प्रतीत हो, किन्तु क्या यह सत्य नहीं कि गाँव के प्रयोगधर्मी संस्करण मार्मिक (होते) हैं और हमारी दृष्टि चूँकि शहरीपन से गड़गच्च है, परिणामतः ग्रामाञ्चली प्रयुक्तियों के विशिष्टार्थों को ग्रहण नहीं कर पाती है। उस दृष्टि को आत्मसात करने के लिए कपट नहीं, निष्कपट होना अनिवार्य है।

वैसे, मुझ-सा मामूली लेखक अपनी बात मनवाने के लिए प्रतिष्ठित लेखकों की बैसाखी का सहारा लेता है। कुछ लोग सखी-साक़ी का सहारा लेकर भ्रान्त संसार रच डालते हैं। वह साहित्य-जगत् में फैला-पसरा एक अलग ही सम्प्रदाय है। उत्तर-क्रम में अपनी बात पूर्ण करने हेतु प्रयोगधर्मी-कवि प्रभाकर माचवे का सहारा लेता चलूँ, उन्होंने अपनी रचनाओं के सम्बन्ध में लिखा है- मेरी रचनाएँ बहुत ओछी, हेठी, हल्की हैं। शायद यही भान, इसी शून्य से 'पूर्णमिदम्' की ओर बहने की कोशिश में मेरी रचनाएँ निकली हैं। उनमें लिखे बिना न जी सकने की अनिवार्यता की प्रेरणा है। ये तुक-ताल-हीन, शब्दसौष्ठव-शून्य, जान-बूझकर 'निरर्थक' रचनाएँ आपके सामने हैं। वज्रपातों में 'लिखे बिना न जी सकने की अनिवार्यता की प्रेरणा' से जो छनकर बह निकलता है, उनमें अतीत के सघन-साक्षात्कार के साथ-साथ समसामयिक पारिवेशिक मिश्रण व भविष्य की चिन्ताएँ हैं। यह सहज सम्पन्न क्रिया-प्रक्रिया है। इनमें प्रयुक्त किन्हीं शब्दों को ही कोई चुनने लग जाय, तो अनर्थ निश्चित है। सार्थकता के लिए 'पूर्णमिदम् की ओर बहने की कोशिश' अनिवार्य है। लेखकीय सार्थकता को प्रश्नांकित करना तो ठीक है, निहितार्थ को सार्थकता की ओर ले जाने का उपक्रम पाठक को ही न करना होता है? वैसे, गदहा-आख्यान के बहाने बताते चलूँ कि महाराष्ट्र (नांदेड) में एक गाँव है- सगरोळी। संस्कृति संवर्धन मण्डल ने उस गाँव में गदहों का अभयारण्य विकसित किया है; नाम है - डाँकेश्वर। सुना है, कुछ गदहे रोगग्रस्त हैं। वहाँ, गदहों पर उपचार भी होता है। **(क्रमशः)**

# बीबीसी ऑन ट्रायलः पश्चिम मीडिया का भारत विरोध

**सुनो भाई साधो!** वर्ष 1 अंक 14



विप्लव विकास

इस सप्ताह पूज्य गुरु नानक जी की जयंती, जिसे हम सभी प्रकाश पर्व के रूप में मानते हैं, का उत्सव पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सराय काले खां चौक का नाम बदलकर बिरसा मुंडा चौक रखने की घोषणा की। स्वाधीनता के अमृतलाल में सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। इसी बीच स्वदेश की एक खबर 'प्रलेस-जलेस की जेल से रिहा हुए दो वरिष्ठ लेखक' ने ध्यानाकर्षित किया। लेखक और अपने ही संगठन की जेल में? जी हां, वामपंथ के जेल में। हाल ही में 'बीबीसी ऑन ट्रायल' नामक एक डाक्यूमेंट्री यूट्यूब पर देखा। सौ वर्षों से सक्रिय रूप से भारत और विशेषकर हिन्दू विरोधी नरेटिव गढ़ने की सबसे प्रभावी मीडिया मशीन के रूप में चर्चा करना समीचीन होगा।

14 नवंबर 1922 को बीबीसी की स्थापना हुई थी, जो ब्रिटिश मीडिया एवं प्रोपगंडा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। 'बीबीसी ऑन ट्रायल' डॉक्युमेंट्री बीबीसी द्वारा वर्षों से भारत के खिलाफ चलाए जा रहे कथित दुष्प्रचार और उसके औपनिवेशिक दृष्टिकोण की पोल खोलती है। क्या बीबीसी भारत और हिंदू समुदाय के खिलाफ पश्चिमी प्रोपेगेंडा का एक माध्यम बन चुका है? बीबीसी की हालिया रिपोर्टिंग और विवादित डॉक्युमेंट्रीज़ जैसे India: The Modi Question और विभिन्न भारतीय मुद्दों पर एकतरफा कवरेज से यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह मीडिया हाउस स्वतंत्र पत्रकारिता के नाम पर अपने औपनिवेशिक पूर्वाग्रहों और पश्चिमी एजेंडे को आगे बढ़ाने में जुटा है। ऐसे समय में जब वैश्विक मीडिया का प्रभाव बढ़ रहा है, BBC On Trial जैसी डॉक्युमेंट्रीज़ हमें एक भारतीय की दृष्टिकोण से बीबीसी की आलोचना करने का अवसर देती हैं, जो इसके दशकों पुराने भारत विरोधी नैरेटिव की परतें खोलती हैं।

यह विचारणीय है कि कैसे एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रसारक, जो तटस्थता का दावा करता है, बार-बार ऐसी रिपोर्टिंग में उलझता है जो भारतीय संस्कृति, राजनीति, और धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ दिखाई देती है। क्या बीबीसी की यह छवि महज संयोग है, या यह एक योजनाबद्ध प्रोपेगेंडा का हिस्सा है? BBC On Trial नामक यह डॉक्युमेंट्री, पंडित सतीश के शर्मा द्वारा निर्देशित है और इसमें उन घटनाओं का विश्लेषण किया गया है जहां बीबीसी पर भारत के खिलाफ नकारात्मक नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाया गया है। बीबीसी की रिपोर्टिंग पर यह आरोप है कि उसने भारत के संवेदनशील मुद्दों जैसे कश्मीर विवाद, नागरिकता संशोधन कानून (CAA) विरोध प्रदर्शन, और 2002 गुजरात दंगों की घटनाओं को एकतरफा दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

उदाहरण के लिए, 2019 में अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बाद, बीबीसी की कश्मीर कवरेज ने बड़े विवाद को जन्म दिया। बीबीसी ने कई रिपोर्ट्स और वीडियो जारी किए, जिनमें घाटी में मानवाधिकार उल्लंघन, पुलिस अत्याचार, और नागरिकों पर कथित हिंसा की एकतरफा कहानियाँ प्रमुखता से दिखाई गईं। इनमें से अधिकतर रिपोर्टिंग में स्थानीय सरकार या भारत के आधिकारिक दृष्टिकोण को समुचित रूप से शामिल नहीं किया गया था। बीबीसी की वीडियो रिपोर्ट में ऐसे फुटेज और गवाहियाँ प्रस्तुत की गई जो सत्यापन के बाद झूठी और भ्रामक पाई गई थीं, जिन पर भारतीय जनता और सरकार ने सख्त आपत्ति जताई। इस कवरेज से बीबीसी पर कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गलत तरीके से प्रस्तुत करने का आरोप लगा, जिसमें भारतीय सुरक्षा बलों को दमनकारी और अमानवीय दिखाने की कोशिश की गई।

लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले एक विशेष योजना एवं लक्ष्य के अंतर्गत, जो बाद में पूरे इकोसिस्टम के षड्यंत्रों और गतिविधियों के अध्ययन से स्पष्ट होता है, बीबीसी ने जनवरी 2023 में दो-भाग की डॉक्युमेंट्री India: The Modi Question रिलीज़ की, जो 2002 के गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी की भूमिका पर केंद्रित थी। इस डॉक्युमेंट्री में बीबीसी ने मोदी के ऊपर एकतरफा आरोप लगाए और भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई क्लीन चिट का पर्याप्त उल्लेख नहीं किया। रिपोर्ट में भारत सरकार की आधिकारिक प्रतिक्रिया और घटनाओं का पूरा संदर्भ भी गायब था, जिससे यह धारणा बनी कि बीबीसी पूर्वाग्रह से ग्रसित है और भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ एक विशेष नैरेटिव चलाने की कोशिश कर रहा है। इस डॉक्युमेंट्री के बाद, भारतीय सरकार ने बीबीसी के कार्यालयों पर छापेमारी की और इसके पत्रकारिता मानकों की कड़ी आलोचना की। यह घटना बीबीसी की भारत-विरोधी और हिंदू-विरोधी छवि को और मजबूत करती है, खासकर उन दर्शकों के बीच जो बीबीसी की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे थे। CAA विरोध प्रदर्शन के दौरान बीबीसी ने प्रमुखता से विरोधियों की आवाज़ को दिखाया, लेकिन सरकार के दृष्टिकोण और समर्थन को कम महत्व दिया। इसी तरह, 2022 दिल्ली दंगों की कवरेज में, बीबीसी ने इसे एकतरफा हिंसा के रूप में पेश किया, जिससे यह धारणा बनी कि एक समुदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि घटना के वास्तविक कारणों और जटिलताओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया।

बीबीसी केवल आज के समय में ही नहीं भारतीय स्वाधीनता पूर्व की उसकी रिपोर्टिंग ब्रिटिश सरकार के पक्ष में विमर्श स्थापना के लिए की जाती थी। ब्रिटिश शासन के दौरान, जब महात्मा गांधी ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया, तो बीबीसी ने इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना की कवरेज में स्पष्ट रूप से पक्षपात दिखाया। बीबीसी ने आंदोलन को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक अराजक और विद्रोही गतिविधि के रूप में प्रस्तुत किया, और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्व को कम कर दिखाया। बीबीसी के रिपोर्टिंग में न केवल ब्रिटिश सत्ता की आलोचना को नजरअंदाज किया गया, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को उग्रवादी और हिंसक तत्वों के रूप में चित्रित किया गया। यहां तक कि जब लाखों भारतीय आंदोलन का समर्थन कर रहे थे, बीबीसी की रिपोर्टें ब्रिटिश शासन की वैधता और नियंत्रण को बनाए रखने की कोशिश में ही केंद्रित रहीं। इस घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता है कि बीबीसी ने ब्रिटिश सरकार के प्रचार तंत्र का हिस्सा बनकर काम किया, भारतीय स्वतंत्रता की आकांक्षाओं को निष्पक्षता से प्रस्तुत करने में असफल रहा।

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद, जब भारत ने पुर्तगाली शासन से गोवा को मुक्त करने के लिए सैन्य अभियान चलाया, तो बीबीसी की रिपोर्टिंग ने एक बार फिर भारत के खिलाफ पक्षपातपूर्ण नैरेटिव को बढ़ावा दिया। बीबीसी ने इस घटना को भारतीय आक्रमण और पुर्तगाली क्षेत्र में अवैध घुसपैठ के रूप में कवर किया। रिपोर्ट्स में भारतीय सेना की कार्रवाई को एक तरह की अतिक्रमणकारी गतिविधि बताया गया, जबकि इस तथ्य की उपेक्षा की गई कि गोवा पर पुर्तगाल का औपनिवेशिक शासन अवैध और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ था। बीबीसी की रिपोर्टिंग से यह धारणा बनी कि भारत ने एक छोटे से राष्ट्र पर अत्याचार किया है, जबकि वास्तविकता यह थी कि गोवा का भारत में विलय एक स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था, जिसे गोवा के स्थानीय निवासियों का भी व्यापक समर्थन प्राप्त था। इस घटना से बीबीसी की पक्षपाती रिपोर्टिंग और उसके औपनिवेशिक मानसिकता की झलक मिलती है, जो भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती रही है।

बीबीसी की रिपोर्टिंग ने कई मौकों पर भारत में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाया है, खासकर 2002 के गुजरात दंगों, 2020 के दिल्ली दंगों, और कश्मीर मुद्दे पर। इन घटनाओं में बीबीसी की एकतरफा कवरेज ने एक समुदाय को पीड़ित और दूसरे को दोषी के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ा। इन रिपोर्टों में घटनाओं के जटिल संदर्भ को अनदेखा किया गया। इस तरह की पक्षपाती रिपोर्टिंग ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया और देश के भीतर समुदायों के बीच अविश्वास और विभाजन को और गहरा किया।

डॉक्युमेंट्री में पंडित सतीश के शर्मा इस बात को रेखांकित करते हैं कि बीबीसी का यह दृष्टिकोण औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है, जो आज भी पश्चिमी मीडिया के माध्यम से भारत और हिंदू समुदाय की छवि को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया पर BBC On Trial को मिली प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि भारतीय प्रवासी और देशवासियों में इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है कि कैसे पश्चिमी मीडिया भारत की नकारात्मक छवि को प्रचलित करता रहा है। इस डॉक्युमेंट्री के जरिए शर्मा ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अब समय आ गया है जब पश्चिमी मीडिया को अपनी पूर्वाग्रहपूर्ण रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए और एक निष्पक्ष और संतुलित दृष्टिकोण को अपनाया जाए।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

ज्योतिर्विद
* ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

## रविवार 17 नवम्बर से शनिवार 23 नवम्बर 2024 तक

विक्रम सम्वत 2081, शकाब्द 1946 कलि सम्वतसर 5125, मार्गशीर्ष मास (पूर्णिमा मान से जबकि अमावस्या को समाप्त मास के मान से कार्तिक) कृष्ण पक्ष 17 नवम्बर रविवार द्वितीया तिथि से मार्गशीर्ष कृष्ण शनिवार 23 नवम्बर अष्टमी तिथि तक। रविवार 17 नवम्बर को जैन मत से रोहिणी व्रत। सोमवार 18 नवम्बर: कृष्ण तृतीया

**व्रत उत्सव**

युक्त चतुर्थी में आज गणेश चतुर्थी व्रत क्षेत्रानुसार चन्द्रोदय रात्रि लगभग 7.36 बजे पश्चिम दिशा में। शुक्रवार 22 नवम्बर: कालाष्टमी व्रत तथा श्री काल भैरव जयंती अष्टमी। अगले सप्ताह: मंगलवार 26 नवम्बर को दशमी विद्धा पहली एकादशी केवल स्मार्त वैष्णवों की। बुधवार 27 नवम्बर को द्वादशी युक्त दूसरी एकादशी निम्बार्क एवं अन्य वैष्णवों की। गुरुवार 28 नवम्बर: प्रदोषव्रत।

**आकाश दर्शन और मौसम**

**शुक्र ग्रह:** पश्चिम में रात 8 बजे तक दिख रहा है। मंगल ग्रह रात 10 बजे पूरब में उदित होकर सुबह सिर पर दक्षिण दिशा में दिख रहा है। गुरू ग्रह शाम साढ़े छह पर पूरब में उदित होकर रात 12 बजे दक्षिण में तथा सुबह पश्चिम में दिख रहा है। शनि ग्रह: सूर्यास्त बाद दक्षिण पश्चिम में और रात 1 बजे पश्चिम में अस्त हो रहा है। **मौसम:** 21 नवम्बर से सूर्य सायन धनु पर हेमन्त ऋतु का दूसरा मास आरंभ। दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट बढ़ेगी। दिन की अवधि कम और रात की अवधि बढ़ेगी। सूर्यास्त जल्दी हो रहा है।

**व्यापार भविष्य**

सप्ताह आरंभ में शेयर मार्केट में सामान्य तेजी के बाद बुधवार के आसपास चन्द्र मंगल योग वश घटबढ़ से गिरावट लगभग सभी शेयरों में संभावित है।

**मेष-** सप्ताह के शुरू में आपको दिए गए कार्य आसानी से पूरे होने से प्रसन्नता होगी। इसी प्रकार आपने जो वायदे किए हैं वह भी आप आसानी से पूरा कर सकेंगे। सोमवार के आसपास अच्छी खबर मिल सकती है और प्रिय जनों का सुखद साथ भी मिल सकता है, जरूरी यात्राएं भी शुभ कार्य वश संभावित रहेगी। मंगलवार के आसपास चित्त कुछ अशांत बना रह सकता है, तथा पहले से तय कार्यक्रमों में फेरबदल करना पड़ सकता है। नौकरी में छुट्टी भी लेना पड़ सकती है। गुरुवार के आसपास वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। सप्ताह के आखिर में पुराने कार्यों को लेकर या वृद्धजनों की चिंता रह सकती है। व्यापार रोजगार में सफलता और लाभ की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह अनुकूल है विशेष कर रविवार सोमवार मंगलवार अपेक्षाकृत अधिक फल दायक रह सकते हैं।

**वृष-** आपकी राशि पर गुरु चंद्र के शुभ योग से सप्ताह की शुरुआत हो रही है इसके बाद चंद्रमा का आपकी राशि के स्वामी शुक्र से भी प्रतियोग हो रहा है इस दृष्टि से यह सप्ताह आपको कई दृष्टि से आनंद और सम्मानदायक रहेगा, महत्वपूर्ण आयोजनों में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। आपका मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रसंग होने का योग भी इस सप्ताह प्रबल है, विशेष कर सप्ताह के शुरू के दो तीन दिनों में। इस सप्ताह आर्थिक मामलों में रुका हुआ लाभ वेतन वृद्धि आदि का फायदा मिल सकता है। बचत में भी वृद्धि हो सकती है परन्तु भेंट उपहारों पर खर्च भी बढ़ेगा। बुधवार गुरुवार के आसपास पड़ोसी और अजनबी लोगों से मतभेद से बचें। सप्ताहांत स्थायी संपत्ति की देखभाल पर खर्च हो सकता है। आप किसी कार्यवश अपने नित्य कार्यक्रम से छुट्टी लेना चाहेंगे। रविवार सोमवार मंगलवार शुक्रवार सप्ताह के अधिक अनुकूल और लाभकारी दिन रह सकते हैं।

**मिथुन-** सामाजिक और पारिवारिक कार्यों में तथा शुभ कार्यों में खर्च अधिक होने का योग इस सप्ताह प्रबल है। लघु यात्राएं भी हो सकती हैं। आपके सामने एक साथ कई काम निपटाने की चुनौती भी रहेगी जिसे आप सफलतापूर्वक संपन्न कर पाएंगे। बुधवार के आसपास परिवार में आकस्मिक मतभेद होने की स्थिति में संयम से काम लें और क्षणिक आवेश में कोई फैसला नहीं करें। इससे मतभेद भी शांत हो जाएंगे। काफी समय से प्रतीक्षित मामलों में कुछ प्रगति शुक्र शनिवार को हो सकती है इससे आपको आगे की योजना बनाने में मदद मिलेगी। कारोबारी लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार मंगलवार शुक्रवार अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभदायक दिन रहेंगे। सप्ताह के आखिर में यदि कोई यात्रा का विचार है तो उसमें विलंब हो सकता है।

**कर्क-** आपकी राशि पर से मंगल ग्रह का संचार इन दोनों रात 10 बजे से पूरब में और सुबह 5.6 बजे के बीच पश्चिम में दिखाई दे रहा है। मंगल चंद्रमा का योग इस बुधवार और गुरुवार की रात से सुबह तक आप देख भी सकते हैं। यह योग आपको अपने कार्यों में नई ऊर्जा देगा जिससे आप साहसपूर्ण तथा सही फैसला करने में समर्थ होंगे। परंतु निर्णय में जल्दबाजी से बचें। सप्ताह के शुरू में प्रभावशाली व्यक्तियों से भेंट मुलाकात होने का योग है पर हो सकता है मदद कम ही मिल पाए। इस सप्ताह लघु यात्रा होने का सामाजिक कार्यों में खर्च करने का ग्रह संकेत भी है। बुधवार के आसपास जल्दबाजी से बचें शनिवार को पुराने कामों को निपटाने की चिंता रह सकती है। लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार गुरु शुक्रवार आशा जनक लाभ और सफलता दायक हैं।

**सिंह-** यदि आप यात्रा पर बाहर हैं अथवा नौकरी में तबादले पर हैं तो इस सप्ताह वापसी यात्रा हो सकती है और नौकरी में भी स्थानांतरण आगामी तीन चार सप्ताह के बीच आपके मन के माफिक स्थल पर हो सकता है। घर परिवार में इस सप्ताह और अगले सप्ताह भी, महत्वपूर्ण शुभ कार्य होने का ग्रह योग है। मित्रों संबंधीजनों का आवागमन भी कुछ कारणों से बढ़ सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आपका महत्व बढ़ाने वाले प्रसंग होने का योग शुरू हो गया है। इस मंगल बुधवार के आसपास आकस्मिक खर्च बढ़ने का और मन अशांत अधीर रहने का ग्रह योग भी है। सप्ताह के शेष अधिकांश दिन आपको व्यापार रोजगार में लाभदायक रहेंगे निजी जीवन में भी प्रसन्नता बढ़ाने वाले एक से अधिक प्रसंग हो सकते हैं। सत्ता के आरंभ में नए कार्य से जुड़ने का अवसर भी मिल सकता है।

**कन्या-** आपके कार्य क्षेत्र की प्रकृति के अनुसार आपको अपने कार्य का विस्तार करने का तथा नई टेक्नोलॉजी अपनाने का अवसर मिलेगा। इस दृष्टि से शेष नवंबर और मध्य दिसंबर तक का समय विशेष घटना प्रधान रह सकता है। सप्ताह के शुरू में गुरु चंद्र का योग आपकी राशि से भाग्य स्थान पर हो रहा है यह आपको उन्नति के विशेष अवसर देगा और घर परिवार में आनंद के एक से अधिक प्रसंग भी उपस्थित करेगा। इस सप्ताह उपयोगी यात्रा का योग भी अचानक उपस्थित हो सकता है। कलात्मक वस्तुओं की खरीद की ओर रुचि अधिक रहेगी। व्यापार रोजगार में साख सम्मान और धन लाभ के लिहाज से पूरा सप्ताह ही अनुकूल है। शनिवार के आसपास मौसम जन स्वास्थ्य कष्ट होने का योग है अतएव दिनचर्या में बदलाव करें।

**तुला-** आपकी राशि का स्वामी ग्रह शुक्र सूर्यास्त के बाद पश्चिम में रात 8 बजे तक चमकता हुआ दिखाई दे रहा है इसका चंद्रमा से शुभ प्रतियोग सप्ताह के शुरू में हो रहा है जो आपके कार्य क्षेत्र के अनुसार आपकी ख्याति बढ़ाने वाला रहेगा आपको अपनी पसंद के कार्य करने के अवसर भी मिलेंगे, व्यापार रोजगार में लाभकारी चर्चा होने का और आनंददायक भेंट मुलाकात होने का योग भी प्रबल है। इस सप्ताह शुभ कार्य में शामिल होने के अवसर भी उपस्थित हो सकते हैं। फंड पेंशन ब्याज के मामलों में नई सुखद स्थिति बनेगी। यदि आप आध्यात्मिक ध्यान साधना करते हैं तो आपको। गहरे अनुभव हो सकते हैं। कार्य क्षेत्र में इस बुध गुरुवार के आसपास कुछ अनिश्चय रह सकता है तथा निर्धारित कार्यों में बदलाव होने का और आकस्मिक यात्रा होने का अवसर भी उपस्थित हो सकता है। सप्ताह के आखिर में आपको अपने निर्धारित कार्यों में कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ सकता है। सप्ताह के रविवार सोमवार मंगलवार और गुरुवार उत्तम और कारोबारी लाभदायक दिन रहेंगे।

**वृश्चिक-** आपकी राशि का स्वामी चमकीला लाल मंगल ग्रह रात 10 बजे से पूरब में उदित होकर सुबह के समय दक्षिण दिशा में दिखाई दे रहा है। चंद्रमा से इस मंगल का शुभ योग इस बुधवार गुरुवार के आसपास आप देख भी सकते हैं जो आपको भाग्य या संयोग से कारोबार में उन्नति के नए अवसर इस सप्ताह या निकट भविष्य में उपलब्ध कराएगा। उपयोगी यात्रा भी हो सकती है। इस सप्ताह से मध्य दिसंबर के बीच आपकी कोई कार्य योजना अच्छी प्रगति करेगी, इसमें आपको योग्य व्यक्तियों से अच्छा मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। सप्ताह के आरंभ में रुके लाभ मिल सकते हैं तथा भेंट उपहार का आदान-प्रदान भी बहुत हो सकता है। दूरस्थ व्यक्तियों से उपयोगी चर्चा होने का अवसर भी मिलेगा। बुधवार के आसपास यात्रा में सावधानी अपेक्षित है।

**धनु-** आपकी राशि पर से शुभ चमकीला शुक्र ग्रह सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में रोज लगभग 8 बजे तक दिखाई दे रहा है। इस सप्ताह 18 और 19 की शाम पूर्व में उदित चंद्रमा और पश्चिम में अस्तगामी शुक्र आमने सामने होंगे। इस योग का बहुत अच्छा असर आपके व्यापार रोजगार पर पड़ेगा, कारोबारी साख सम्मान बढ़ेगा आपके व्यक्तित्व में भी आकर्षण बढ़ेगा तथा आप महत्वपूर्ण आयोजन के केंद्र बिंदु भी बने रह सकते हैं। कार्य क्षेत्र में किसी बड़े कार्य में अधिक धन लगाने की जरूरत हो सकती है जिसका इंतजाम मध्य दिसंबर तक होने का ग्रह संकेत प्रबल है। इस सप्ताह आप बचत में से कुछ अधिक व्यय करना चाहेंगे। सप्ताह के आरंभ में आनंद पूर्ण यात्रा प्रवास होने का और संबंधी जरूरत से भेंट होने का योग प्रबल है। बुधवार के आसपास किसी पुरानी बात से कुछ क्लेश हो सकता है। कामकाज में सफलता और लाभ के लिहाज से रवि सोम मंगल शुक्रवार अधिक अनुकूल हैं।

**मकर-** इस सप्ताह आपको बौद्धिक कार्यों में, परीक्षा प्रतियोगिताओं में तथा व्यापारिक पूर्व अनुमान लगाने में अच्छी सफलता मिलने का ग्रह योग है। कार्य क्षेत्र में आपकी सलाह अधिकारी वर्ग को मान्य होगी इससे आपका सम्मान बढ़ेगा। सत्ता के आरंभ में आकस्मिक खर्च बढ़ सकता है और शुभ कार्यों में भी अतिरिक्त व्यय करने के प्रसंग भी उपस्थित हो सकते हैं। बुधवार के लगभग साझेदारों से अस्थायी मतभेद हो सकते हैं ऐसे में अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें और जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करें। सप्ताह के आखिर में बहुत समय से रुका हुआ कोई काम सफल होने का, फंड पेंशन इत्यादि के लाभ मिलने का ग्रह योग भी प्रबल है। संतान पक्ष की ओर से हर्ष के विशेष प्रसंग भी इस तथा अगले सप्ताह होने का ग्रह संकेत है। रविवार सोमवार मंगलवार गुरुवार अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभदायक दिन हैं।

**कुंभ-** सप्ताह के आरंभ में आपकी राशि देव परिवार स्थान पर्व गुरु चंद्र का योग आपके घर परिवार में शुभ कार्यों का संकेत दे रहे हैं अथवा आपको निकट संबंधियों के यहां भी मंगल आयाजनों में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे। इस सप्ताह कार्य विस्तार होने का योग भी चल रहा है जो मध्य दिसंबर तक सकारात्मक घटनाक्रम उपस्थित करेगा। सप्ताह के आरंभ संतान पक्ष की ओर से आनंद के नए प्रसंग हो सकते हैं साथ ही आपको आपकी पसंद की कोई विशेष वस्तु भी अचानक ही प्राप्त हो सकती है। बुधवार के आसपास रक्तचाप या स्वास्थ्य कष्ट उभर सकता है। सफलता और लाभ के लिहाज से सोमवार मंगलवार शुक्रवार और शनिवार अपेक्षाकृत अनुकूल और लाभदायक दिन रहेंगे।

**मीन-** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति और सूर्य इन दिनों आमने-सामने हैं इसलिए आप शाम होते ही बृहस्पति को पूर्व दिशा में देख सकते हैं और सुबह के समय इसे पश्चिम दिशा में भी देख सकते हैं। सूर्य गुरु का यह योग आपको कई क्षेत्रों में भाग्यशाली सिद्ध होने जा रहा है, आपकी पदोन्नति होने का व्यापार रोजगार नौकरी में लाभ के अवसर बढ़ने के अलावा कार्य क्षेत्र का विस्तार होने का योग आपकी स्थिति के अनुसार आने वाले तीन चार सप्ताह में घटित हो सकता है। इस सप्ताह शुक्र चंद्र का योग भी आनंददायक वातावरण बनाएगा। सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र में भी शुभ कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। सप्ताह मध्य कुछ चिंता अपने से छोटों के प्रति रह सकती है जिसका समाधान भी शीघ्र हो जाएगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप रक्तचाप और डायबिटीज नियंत्रण पर इस सप्ताह विशेष ध्यान दें। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार मंगलवार और शुक्रवार अनुकूल और लाभदायक दिन रहेंगे।

# गिल के समर्थन में उतरे रवि शास्त्री

## भारत के पूर्व कोच शास्त्री ने की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय एकादश की भविष्यवाणी

● मुंबई,

बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के व्यक्तिगत कारणों से बाहर रहने की अटकलों के बीच पूर्व स्पिनर रवि शास्त्री का मानना है कि के एल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन के नाम पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर चुनाव हो सकता है।

22 नवंबर से शुरु होने वाले पहले टेस्ट में रोहित की संभावित अनुपस्थिति भारत के शीर्ष क्रम पर काफी सवालिया निशान लगाती है, जबकि प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की चोट और स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की हालिया फॉर्म इस बात को लेकर अधिक उत्सुकता बढ़ाती है कि चयनकर्ता किस तरह से अंतिम एकादश बनाएंगे। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में कहा कि अगर रोहित पहले टेस्ट में चूक जाते हैं तो भारत के पास कई विकल्प हैं, अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल और साथी दाएं हाथ के अभिमन्यु ईश्वरन बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर युवा खिलाड़ी यशस्वी जयसवाल के सबसे संभावित साझेदार हैं लेकिन शास्त्री का मानना है कि पर्थ के संभावित उछाल वाले विकेट पर नियमित नंबर तीन शुभमन गिल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका में बढ़ावा देना सबसे अच्छा फैसला हो सकता है। शास्त्री ने कहा कि यह कठिन है और चयनकर्ताओं के पास विकल्प है। आप गिल को बल्लेबाजी क्रम में पीछे धकेल सकते हैं और वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया में ओपनिंग कर चुके हैं। अन्यथा, आपको फिर कोई विकल्प बनाना होगा। ईश्वरन ने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए के लिए उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन वह नेट्स में कैसे बल्लेबाजी कर रहे हैं, राहुल नेट्स में कैसे बल्लेबाजी कर रहे हैं। शास्त्री टेस्ट मैच से पहले नेट्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुनने में दृढ़ विश्वास रखते हैं। भारतीय दिग्गज ने कहा कि अगर वह अभी भी



प्रभारी होते तो वह प्रशिक्षण में उन सभी बल्लेबाजों पर कड़ी नजर रखते जो एकादश में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक कोच के तौर पर मैं हमेशा फुटवर्क देखता था। कभी-कभी रन महत्वपूर्ण नहीं होते हैं, लेकिन अगर कोई खिलाड़ी अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है, और अगर पैर अच्छे से चल रहे हैं, और आप उसके खेल को समझने की कोशिश करते हैं और आपको पता चलता है कि क्या उसके पास उन परिस्थितियों के लिए खेल है, अगर उसके पास इस प्रकार की पिचों के लिये सभी तरह के शॉट हैं तो आपको इन चीज़ों पर ध्यान देना होता है। उन्होंने कहा कि मैं नेट पर एक बाज की तरह उन पर नजर रखूंगा,क्योंकि एक गेंदबाज के रूप में मेरे लिए लय महत्वपूर्ण है और एक बल्लेबाज के रूप में, फिर से, गति और लय महत्वपूर्ण है। ऋषभ पंत को विकेटकीपर के रूप में मौका मिलना निश्चित है, बैकअप कीपर ध्रुव जुरेल ने एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हाल ही में भारत ए के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन करके पर्थ में चयन के लिए एक मजबूत तर्क पेश किया है। कम स्कोर वाले मुकाबले में 80 और 68 के स्कोर का योगदान देकर जुरेल एक श्रेणी से ऊपर दिखे और शास्त्री का मानना है कि

### शास्त्री की अनुमानित एकादश

शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा/वाशिंगटन सुंदर, नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

23 वर्षीय खिलाड़ी पर्थ में चौथा टेस्ट कैप जीतने के लिए काफी शांत दिख रहे थे। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह आसानी से एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं। जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह उनका स्वभाव, मुश्किल समय में उनकी शांति है। दबाव में, आप बहुत सारे खिलाड़ियों को संघर्ष करते हुए देख सकते हैं। आप उन्हें बेचैन होते हुए देख सकते हैं, लेकिन इस लड़के के मामले में, उसका स्वभाव अलग था। उन्होंने कहा कि कि इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह आगे आए। इसलिए मैंने जो देखा वह मुझे पसंद आया और अगर वह अच्छी स्थिति में हैं तो मैं उन्हें मौका देने के लिए तैयार हूं। मुझे लगता है कि उनकी फॉर्म को देखकर, उन्होंने 80 और 60 रन बनाए, इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ जाएगा और उसके पास शॉट्स की रेंज भी है। ऐसा नहीं है कि वह वहां सिर्फ अवरोधक है, वह शॉट खेल सकता है। वह पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसीलिए ये महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि आप शुबमन को क्रम में ऊपर भेजते हैं, तो यह आपको मध्य क्रम में अधिक विकल्प देता है। इसलिए अगर रोहित अनुपस्थित हैं तो भारत इसे कैसे संतुलित कर सकता है। शास्त्री लंबे समय से अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के प्रशंसक हैं, जबकि बाएं हाथ के रवींद्र जड़ेजा और अनुभवहीन ट्विकर वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर भारत की हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान संयुक्त रूप से अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।



### शुभमन चोटिल,शीर्ष क्रम में असमंजस की स्थिति

**पर्थ, वार्ता :** रत के इंट्रा स्क्वाड मैच के दूसरे दिन स्लिप में फील्डिंग के दौरान शुभमन गिल को हाथ में चोट लगने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में भारतीय शीर्ष क्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बढ़त गई है। गिल को बाएं हाथ में चोट लग गई जिसके बाद वह पूरे दिन फील्डिंग के लिए नहीं आए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस चोट के चलते 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए गिल के खेलने पर सवाल खड़ा हो सकता है या नहीं। ऐसी खबर थी कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घर सूपड़ा साफ होने के बाद रोहित ने टीम के साथ पहले ऑस्ट्रेलिया जाकर अभ्यास करने और फिर बच्चे के जन्म के दौरान भारत वापस आने की योजना भी बनाई थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह अब पर्थ टेस्ट खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगे या नहीं।

## सार संक्षेप

### उत्तर प्रदेश की सुधा सिंह एथलीट आयोग की सदस्य



**लखनऊ :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ( एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, एएफआई) ने अगले चार वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश की ओलंपियन पूर्व एथलीट सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य नामांकित किया है। एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन में उपाध्यक्ष और एएफआई की प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. ललित भनोट के अनुसार सुधा सिंह के एथलीट आयोग में शामिल किया जाना इस खेल के लिए बेहतर साबित होगा। हम इसमें आपकी सक्रिय भागीदारी और अमूल्य योगदान की आशा करते हैं। पद्मश्री और अर्जुन एवार्डी सुधा सिंह को सदस्य बनाये जाने के लिये एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमरीवाला ने भी पत्र जारी कर दिया है। सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य बनाये जाने पर तमाम खेल संघों के साथ एथलीट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने बधाई दी है। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण के अनुसार सुधा सिंह का नामांकन एथलीट आयोग में किये जाने से प्रदेश के एथलीट जगत को बढ़ावा मिलेगा।

### कर्नाटक के खिलाफ ड्रा खेलकर यूपी का रणजी अभियान खत्म

**लखनऊ :** माधव कौशिक (134) और आर्यन जुयाल (106) के शानदार शतक के बावजूद उत्तर प्रदेश रणजी ट्राफी ग्रुप सी के अंतिम लीग मुकाबले में कर्नाटक के खिलाफ सीधी जीत दर्ज करने में विफल रहा और उसका अंक तालिका में नीचे से दूसरी पायदान पर रह कर उसका सफर खत्म हो गया। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में मात्र 89 रन बनाये थे जिसके जवाब में कर्नाटक की पहली पारी 275 रनो पर खत्म हुयी थी। दूसरी पारी में यूपी में जबरदस्त वापसी करते हुये 446 रन का स्कोर खड़ा किया हालांकि गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से कर्नाटक की दूसरी पारी के पांच विकेट ही 178 रन पर गिर सके और मैच हार जीत के फैसले के बगैर खत्म हो गया। इसके साथ ही ग्रुप सी में कर्नाटक ने अपना अभियान तीसरे स्थान पर रह कर खत्म किया। कृष्णन श्रीजीत ने पहली पारी में कर्नाटक के लिये 110 रन का योगदान दिया। उन्हे प्लेयर आफ द मैच चुना गया। यूपी अंकतालिका में छह अंकों के साथ बिहार से आगे रहा। विपराज निगम ने कर्नाटक की दोनों पारियों में दो दो विकेट चटकाये।

### गेंदबाजों के दम पर बंगाल ने मध्यप्रदेश को उसके घर पर हराया

**इंदौर :** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने एलीट ग्रुप सी मैच में शनिवार को मध्य प्रदेश को 11 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ छह अंक हासिल करने वाले बंगाल के फिलहाल पांच मैचों से 14 अंक हैं। चौथे और अंतिम दिन जीत के लिए 338 रनों का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की टीम 326 रन पर आउट हो गई। शाहबाज अहमद (4-48), मोहम्मद शमी (3-102), रोहित कुमार (2-47) और मो कैफ (1-50) ने बंगाल के लिए योगदान दिया। इससे पहले, अपनी पहली पारी में 228 रन बनाने के बाद, बंगाल ने मप्र को 167 रन पर समेट दिया। अपनी दूसरी पारी में, बंगाल ने 276 रन बनाकर घरेलू टीम को एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। शाहबाज को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अपने अंतिम दो ग्रुप-स्टेज मैचों में बंगाल का सामना हरियाणा से होगा, उसके बाद घरेलू मैदान पर पंजाब का सामना होगा।

### आराध्या यादव का तिहरा शतक, यूपी ने 587 रन पर घोषित की पारी

**कानपुर :** आराध्या यादव (320) के तिहरे विस्फोटक शतक की मदद से उत्तर प्रदेश कर्नल सीके नायडू ट्राफी के दूसरे दिन गोवा के खिलाफ अपनी पहली पारी चार विकेट पर 587 रन बना कर घोषित कर दी। ग्रीनपार्क स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय गोवा ने अपनी पहली पारी में एक विकेट खोकर 82 रन बना लिये थे। अजान थोता 39 और कौशल हट्टागंडी 20 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। खेल का मुख्य आकर्षण आराध्य का तिहरा शतक था जो उन्होने मात्र 412 गेंदो पर 38 चौके और एक छक्के की मदद से पूरा किया।

### बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेलेंगे जेसन होल्डर

**एंटीगुआ, वार्ता :** क्रैग ब्रैथवेट बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों खेल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। वर्तमान में, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज 27.50 और 18.52 के अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में क्रमश: 8वें और 9वें स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज को अपने पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज जेसन होल्डर की कमी खलेगी जो कंधे की चोट का पुनर्वास जारी रखे हुए हैं। टीम में अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का एक रोमांचक मिश्रण है, जिसमें फॉर्म में चल रहे जस्टिन ग्रीव्स हैं, जिन्होंने घरेलू सफेद गेंद प्रतियोगिता में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है, जिससे बल्लेबाजी रैंक में वृद्धि हुई है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केविन सिंक्लेयर भी एक अतिरिक्त स्पिन विकल्प के रूप में टीम में लौट आए हैं। किंग्स्टन में दूसरा टेस्ट होने से पहले, दो मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर को नॉर्थ साउंड में शुरू होगी। टेस्ट टीम: क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उप-कप्तान), एलिक अथानाज, कीसी कार्टी, जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, जोमेल वारिकन।

### कॉर्नवाल संभालेंगे अटलांटा ब्लैककैप्स की कमान

**फ्लोरिडा , वार्ता :** वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी रहकीम कॉर्नवाल यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 में अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करेंगे। फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में 22 नवंबर से एक दिसंबर तक चलने वाले यूएसपीएल को लेकर कार्नवाल बहुत उत्साहित है। दस टेस्ट और 84 टी-20 मैच खेल चुके रहकीम कॉर्नवाल अपनी टीम अटलांटा ब्लैककैप्स को सीजन के फाइनल में देखना चाहते हैं। यूएसपीएल का फाइनल मुकाबला 1 दिसंबर को खेला जाएगा। कॉर्नवाल ने कहा कि अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। टीम में बेहतरीन खिलाड़ियों का संयोजन किया गया है और हमें बेसब्री से टूर्नामेंट का इंतजार है। पिछले सीजन में हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और मुझे उम्मीद है कि इस बार समापन ट्रॉफी पर पकड़ बनाने के साथ ही होगा। एंटीगुआ के क्रिकेटर ने कहा कि हर टीम अच्छा प्रदर्शन करना चाहती है और मुझे लगता है कि हमारी तैयारी अच्छी चल रही है। प्रशंसक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखना चाहते हैं और यूएसपीएल सीज़न 3 में अटलांटा ब्लैककैप्स इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।

## आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वैश्विक टूर की घोषणा की

● इस्लामाबाद,

**आईसीसी** पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर डीपी वर्ल्ड के साथ शनिवार को इस्लामाबाद, पाकिस्तान में शुरू हुआ।

टूर के दौरान प्रतिष्ठित चांदी की ट्रॉफी आठ भाग लेने वाले देशों में जायेगी। इस्लामाबाद में अपने दौरे के शुरुआती दिन जिन लोकप्रिय स्थलों पर ट्रॉफी प्रदर्शित की जाएगी, वे दमन-ए-कोह, फैसल मस्जिद और पाकिस्तान स्मारक हैं, जहां उनके साथ पाकिस्तान क्रिकेट आइकन शोएब अख्तर भी होंगे। इस्लामाबाद के बाद, यह दौरा पाकिस्तान के कराची, एबटाबाद और तक्षशिला जैसे प्रतिष्ठित शहरों और स्थानों पर जाएगा, जिसके बाद एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय दौरे पर जाने के लिए मौजूदा चैंपियन की भूमि रवाना होगी, जहां यह प्रतिस्पर्धी देशों में स्पष्ट जीवंत संस्कृतियों का प्रदर्शन जारी रखेगा। प्रशंसकों को 'चैंपियन ऑन टूर' नामक एक सामग्री श्रृंखला देखने को मिलेगी, जो भोजन,



संगीत और क्रिकेट के अनूठे लेंस के माध्यम से दुनिया भर में ट्रॉफी टूर की यात्रा का दस्तावेजीकरण करेगी। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा कि हमें आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी से पहले डीपी वर्ल्ड के साथ ट्रॉफी टूर लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है, जहां दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए गतिविधि का एक और एक्शन से भरपूर कार्यक्रम उपलब्ध है। दहिया ने कहा कि ट्रॉफी, जिसे सभी भाग लेने वाले देशों में प्रदर्शित किया जाएगा।

## स्पेंसर जानसन के पंजे से हारा पाकिस्तान

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 मैच में 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बनाई

**सिडनी, वार्ता :** स्पेंसर जानसन (26 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पाकिस्तान को दूसरे टी-20 मैच में 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 134 रन बना कर आउट हो गयी। उस्मान खान (52) और इरफान खान (37 नाबाद) के अलावा पाकिस्तान के किसी और बल्लेबाज के पास आस्ट्रेलिया आक्रमण का जवाब नहीं था। पाकिस्तान के आठ बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी ले जाने में असफल रहे जबकि इनमें से चार तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। इरफान ने हालांकि मात्र 28 गेंदों की नाबाद पारी में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया



और चार चौके और एक छक्का लगा कर मैदान पर गर्मी ला दी वहीं इससे पहले उस्मान ने अपनी अर्धशतकीय पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। उस समय ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान मेजबान टीम द्वारा दिये गये लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेगा मगर जानसन ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत के बावजूद 147 रन का मामूली स्कोर खड़ा किया। हारिस रउफ (22 रन पर चार विकेट) और अब्बास अफरीदी (17 रन पर तीन विकेट) ने कंगारु बल्लेबाजों की जम कर क्लास ली वहीं सुफियान मकीम (21 रन पर दो विकेट) ने भी मेहमान बल्लेबाजों को प्रभावित किया। मैथ्यू शार्ट (32),जेक फरेजर-मक्गर्क (20),ग्लेन मैक्सवेल (21) और एरेन हार्डी (28) ही पाक गेंदबाजों का कुछ समय तक लोहा ले सके।

## सीए के बचाव में उतरे रिकी पोंटिंग

### आस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले का पोंटिंग ने किया बचाव

● सिडनी,

**ऑस्ट्रेलिया** के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपने प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के ऑस्ट्रेलिया के फैसले का बचाव किया है।

ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मैच में कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, और कंगारु टीम 22 साल में पहली बार घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला 2-1 से हार गई। पर्थ में अंतिम वनडे में जब सीरीज 1-1 से बराबरी पर थी, तब मेजबान टीम ने स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को आराम देने का फैसला किया। ये सभी खिलाड़ी पर्थ में भारत के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा हैं जिसके चलते पाकिस्तान ने वह वनडे आसानी से आठ विकेट से जीत लिया। पोंटिंग ने कहा कि इस पर नजर डालें तो यह कुछ ऐसा रहा



होगा जिसका फैसला बहुत पहले ही कर लिया गया था क्योंकि सीरीज 1-1 से बराबर होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीमों को हारना पसंद नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक अपनी टीम को हारते हुए देखना पसंद नहीं करते और मुझे लगता है कि पिछले कुछ दिनों में यह बात उजागर हुई है। इस श्रृंखला जीत से पहले, पाकिस्तान की ऑस्ट्रेलियाई धरती पर आखिरी एकदिवसीय श्रृंखला जीत 2002 में हुई थी। तब से, उन्होंने दो दौरों (2009/10 और 2016/17) में 10 एकदिवसीय मैच खेले, और केवल एक बार जीत हासिल की। अंतिम वनडे और टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत के बीच लंबे अंतराल को देखते हुए, प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। पोंटिंग ने कहा कि लोगों को शायद सबसे अधिक निराशा वाली बात यह लगी कि तीसरे वनडे और पहले टेस्ट के बीच कितना बड़ा अंतर था। ऑस्ट्रेलिया के प्रबंधन ने एकदिवसीय श्रृंखला के तत्काल परिणाम पर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का विकल्प चुना और पोंटिंग का मानना है कि पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए यह टीम के लिए फायदेमंद साबित होगा। पोंटिंग ने कहा कि इसे देखने का दूसरा पहलू यह है कि इन लड़कों को अब काफी कम समय में लगातार पांच टेस्ट मैच खेलने हैं और निश्चित रूप से, तेज गेंदबाजों के लिए, यह कभी भी आसान नहीं है। मुझे यकीन है कि योजना उन लोगों को यह देने की थी कि ब्रेक उन्हें टेस्ट श्रृंखला के अंत तक थोड़ा तरोताजा और स्वस्थ बना देगा। हालांकि, पोंटिंग ने यह भी कहा कि अकेले आराम करने से लंबी टेस्ट श्रृंखला की शारीरिक और मानसिक कठिनाइयों का समाधान नहीं हो सकता है। उन्होने अपने पिछले दौरे में भारत के उदाहरण की ओर इशारा किया जब उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए कई चोटों पर काबू पाया था। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब भारत यहां था तो हमने देखा कि वे आस्ट्रेलिया से ज्यादा संघर्ष कर रहे थे। उन्हें रास्ते में हर तरह की चोटें लगीं और फिर भी उन्होंने खड़े होने और जीतने का रास्ता ढूंढ लिया। वे (ऑस्ट्रेलिया) वह (वनडे बनाम पाकिस्तान) सीरीज हार गए, 22 साल बाद पहली बार उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान से कोई सीरीज गंवाई। और अब उन्हें पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार होना होगा और सीरीज जीतने के रास्ते तलाशने होंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच मैचों की आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने चीन पर 3-0 से जीत दर्ज की

● राजगीर,

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में चीन को 3-0 से हरा दिया।

हैवीवेट मुकाबले में संगीता कुमारी (32'), सलीमा टेटे (37') और दीपिका (60') ने भारत की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। इस खेल ने तालिका के शीर्ष पर भारत की स्थिति को मजबूत कर दिया, जबकि दीपिका ने भी गोल स्कोरिंग चार्ट के शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया, अब उनके नाम पर 8 गोल हो गए हैं। भारत ने शुरूआती सीटी बजने से ही पहल की और दीपिका ने सीटी बजने के कुछ सेकंड के भीतर ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। उसने गोल की ओर एक शक्तिशाली फ्लिक का प्रयास किया, लेकिन चीन के गोलकीपर सुरोंग वू ने जोरदार बचाव किया। भारत ने चतुराईपूर्ण पास और चतुर चाल से गति निर्धारित की, जबकि चीन केवल कभी-कभार जवाबी हमले ही कर सका। क्वार्टर के पांच मिनट बाद शर्मिला ने आधी लाइन पर गेंद उठाई और शूटिंग सर्कल की ओर ले गईं।



वह सुनेलिटा के पास गई, लेकिन हमलावर गोलकीपर ने उसके प्रयास को विफल कर दिया। चीन ने खेल में प्रगति की और कुछ क्षेत्र हासिल कर लिया, कोई भी टीम दूसरे की रक्षा को तोड़ने में कामयाब नहीं हुई और पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ। चीन को जवाबी हमले का पहला मौका दूसरे क्वार्टर में मिला। चेनचेंग लियू ने गेंद को गोल के पार फेंक दिया, जिससे भारतीय गोलकीपर बिचू हाथापाई करने लगे, लेकिन गेंद को अंदर डालने के लिए कोई भी मौजूद नहीं था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com
किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)